● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 247, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार , 21 अक्टूबर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



हरियाणा की हार से सहमी कांग्रेस 5

घर में न्यूजीलैण्ड से टेस्ट हारा भारत 6

## राजनीति का हिस्सा बनें युवा : पीएम मोदी



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लगभग साढ़े घंटे तक रहे। इस दौरान उन्होंने 6700 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और उद्घाटन किया। इसके साथ ही एक लाख युवाओं को राजनीति में हिस्सा देने की भी बात कही।

प्रधानमंत्री मोदी दोपहर लगभग 2 बजे वाराणसी पहुंचे। यहां यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित भाजपा के दिग्गज नेताओं ने पीएम की अगवानी की। एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए सबसे पहले हरिहरपुर स्थित आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल का उद्घाटन करने पहुंचे।

रिंग रोड स्थित इस हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया गया। शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती ने पीएम को उपहार देकर उनका कुशलक्षेम पूछा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को वाराणसी में आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने काशीवासियों और पूरे पूर्वांचल को इस आधुनिक अस्पताल की सौगात मिलने पर बधाई दी। उन्होंने इसे काशी के लिए आधुनिकता और आध्यात्मिकता का संगम बताया और कहा कि भगवान शंकर की नगरी में स्थापित यह अस्पताल यहां के बुजुर्गों, बच्चों और गरीबों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस मिशन में शंकराचार्य का आशीर्वाद उनके साथ है और बाबा विश्वनाथ की कृपा से यह मिशन सफल होगा।

पीएम मोदी ने उद्योगपति राकेश झुनझुनवाला को भी याद किया। उन्होंने कहा कि झुनझुनवाला की व्यापार जगत में एक विशिष्ट पहचान थी, लेकिन वह सेवा कार्यों से भी जुड़े थे। उनकी विरासत को उनका परिवार आगे बढ़ा रहा है और यह अस्पताल उसी का एक प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति पुरानी सोच और अप्रोच को पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी भारत की नई राजनीति के पांच स्तंभ हैं। पहला- बीमारी से पहले का बचाव, दूसरा- बीमारी की समय पर जांच, तीसरा- मुफ्त और सस्ता इलाज एवं दवाइयां, चौथा- छोटे शहरों में अच्छा इलाज और डॉक्टरों की उपलब्धता और पांचवां- टेक्नोलॉजी का विस्तार।

पीएम ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को बीमारी से बचाना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है, क्योंकि बीमारी गरीब को और गरीब बना देती है। बीते 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, लेकिन एक गंभीर बीमारी उन्हें फिर से गरीबी में धकेल सकती है। इसी कारण सरकार पोषक खानपान और टीकाकरण पर विशेष जोर दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीमारी का समय पर पता लगना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि उसका इलाज। इसी उद्देश्य से देशभर में आरोग्य धाम मंदिर, क्रिटिकल केयर ब्लॉक, और आधुनिक लैब का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही डिजिटल हेल्थ आईडी और ई-संजीवनी ऐप के माध्यम से घर बैठे परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## पीएम के नेतृत्व में भारतीय सेना का मनोबल बढ़ा : डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना का मनोबल बढ़ा है। सेना को नवीन तकनीक के नवीनतम हथियार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विदेशी हथियारों पर भारतीय सेना की निर्भरता कम करते हुए स्वदेशी लड़ाकू विमान और हथियार निर्माण पर विशेष ध्यान दिया है। अब हम सिर्फ युद्ध का जवाब ही नहीं देते बल्कि घर में घुसकर मारते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 3 ईएमई सेंटर भोपाल में भूतपूर्व सैनिक सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों की देश भक्ति और समर्पण में वर्तमान सेना की नींव रखी है। जब भी मौका पड़ा आप सभी ने वीरता और शौर्य का परिचय देकर भारतीय लोकतंत्र की रक्षा की है। भारत के साथ और भी देश आजाद हुए थे। लेकिन वर्तमान समय में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र यदि जीवित है तो यह भारतीय सेना के कारण ही संभव हुआ है। सेना ने देश की सीमाओं की रक्षा कर लोकतंत्र को जीवित रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिकों के अविस्मरणीय योगदान के लिए प्रदेश की जनता की ओर से अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सैनिक कल्याण में सदैव अग्रणी रहा है। यहाँ सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिकों के लिये विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सफल संचालन हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेना और उनके परिवारों के लिए कल्याणकारी निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि युद्ध एवं सैनिक कार्रवाई में शहीद होने वाले सेना/केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के शहीदों के आश्रितों को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि और एक आश्रित को शासकीय सेवा में विशेष नियुक्ति दी जाएगी।

## कश्मीर मैराथन में सीएम उमर 2 घंटे में 21 किमी दौड़े

### कहा- स्ट्रेस मिटाने के लिए ड्रग्स की जरूरत नहीं, दौड़ काफी है



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर यूनियन टैरिटरी के पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के 4 दिन बाद रविवार को उमर अब्दुल्ला कश्मीर हाफ मैराथन रेस में दौड़े। श्रीनगर के पोलो स्टेडियम से मैराथन को हरी झंडी दिखाने के बाद उन्होंने 21 किलोमीटर की दौड़ 2 घंटे में पूरी की।

उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर लिखा। आज खुद से खुश हूं। स्ट्रेस मिटाने के लिए ड्रग्स की जरूरत नहीं होती है। एक अच्छी दौड़ उत्साह और जोश से भरने के लिए काफी होती है, चाहे वह एक किलोमीटर की दौड़ हो या एक मैराथन हो। नशा मुक्त जम्मू और कश्मीर के लिए दौड़ना शुरू करना चाहिए। मर ने कहा- 21 किलोमीटर की दौड़ 5 मिनट 54 सेकेंड प्रति किलोमीटर की औसत गति से पूरी की। अपने जीवन में कभी 13 किलोमीटर से ज्यादा नहीं दौड़ा था। आज मैं बस चलता रहा, अपने जैसे दूसरे शौकिया स्प्रिंटर्स के उत्साह से प्रेरित होकर दौड़ता रहा। कोई ट्रेनिंग नहीं थी। कोई प्लानिंग नहीं थी। रास्ते में सिर्फ एक केला और एक-दो खजूर खाए। उमर बोले- कश्मीर में दिल्ली से एयर क्वालिटी बेहतर एएनआई की एक पोस्ट में दिल्ली में हुई हाफ मैराथन को लेकर जानकारी दी गई थी। उस पोस्ट में एक शख्स कहते नजर आ रहा था कि दिल्ली में काफी प्रदूषण है।

## अमेरिका से इजराइल की खुफिया जानकारी लीक

**वाशिंगटन।** अमेरिका से इजराइल के सीक्रेट डॉक्यूमेंट लीक हो गए हैं। इसमें ईरान पर हमले की प्लानिंग थी। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने इस मामले में जांच भी शुरू कर दी है।

सीएनएन ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से लिखा कि इस तरह से डॉक्यूमेंट का लीक होना अमेरिका के लिए गहरी चिंता का विषय है। इन डॉक्यूमेंट पर 15 और 16 अक्टूबर की तारीख लिखी हुई है। इन्हें 18 अक्टूबर, शुक्रवार को टेलीग्राम पर मिडिल ईस्ट स्पेक्टेटर नाम के चैनल ने पोस्ट किया है।

## महाराष्ट्र चुनाव पर कांग्रेस सीईसी की बैठक रद्द

### आज मीटिंग के बाद पहली लिस्ट आ सकती थी, कल देर रात तक मुंबई में मीटिंग हुई थी



**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस आज (20 अक्तूबर) को होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक रद्द हो गई है। इसमें विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप दिया जाना था। इस बैठक के बाद ही कांग्रेस कैंडिडेट की पहली लिस्ट आनी थी।

लेकिन अब यह बैठक कल शाम पांच बजे होगी। उसके बाद ही कांग्रेस के उम्मीदवार घोषित हो सकेंगे। एक दिन पहले 19 अक्टूबर को भी मुंबई के ट्राइडेंट होटल में छह घंटे तक बैठक चली थी और देर रात में खत्म हुई थी। इससे पहले 16 अक्टूबर को दिल्ली में महाराष्ट्र चुनाव स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई थी।

इसके बाद 17 अक्टूबर को एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा था कि महाविकास आघाड़ी में 288 विधानसभा सीटों में से 200 सीट पर आम सहमति बन चुकी है। हालांकि, एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि- सीट-बंटवारे की चर्चा में मैं सीधे तौर पर शामिल नहीं हूं। जयंत पाटिल (पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष) पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। एमव्हीए में कांग्रेस, एनसीपी (एसपी) और शिवसेना शामिल हैं।

चुनाव आयोग ने 15 अक्टूबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान किया था। राज्य में 20 नवंबर को सिंगल फेज में सभी 288 सीटों पर वोटिंग होगी।

## वह एक शेर थे, मेरी रगों में उनकी दहाड़

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की जांच जारी है। इस बीच, उनके बेटे और विधायक जीशान सिद्दीकी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपना दर्द साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा कि उनके पिता को भले ही चुप करा दिया गया हो, लेकिन वह एक शेर थे। उनके भीतर की दहाड़ और उनकी लड़ाई मेरे खून में बसी हुई है। जीशान ने एक्स पर लिखा, उन्होंने मेरे पिता को चुप करा दिया। लेकिन वे भूल गए हैं कि वह एक शेर थे और उनकी दहाड़ मेरे भीतर है।

## दिल्ली सीआरपीएफ स्कूल ब्लास्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रोहिणी सेक्टर 14 के प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह करीब 7:30 बजे सीआरपीएफ स्कूल के पास धमाका हुआ। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन सीआरपीएफ स्कूल की दीवार, आस-पास की दुकानें और कुछ कारों को नुकसान पहुंचा है।

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी और नेशनल सिक्योरिटी गार्ड की टीम जांच के लिए पहुंची है। मामले को लेकर गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस से रिपोर्ट मांगी है।

इसके अलावा जांच के लिए बम निरोधक दस्ता, फोरेंसिक टीम, क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल के साथ-साथ फायर ब्रिगेड के अधिकारी भी पहुंचे है।

फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी टीम के सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती जांच में क्रूड बम जैसा मटेरियल मिला है। हालांकि, पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद ही आधिकारिक जानकारी मिल पाएगी। पुलिस ने बताया कि सीआरपीएफ स्कूल के पास धमाके का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। एफआईआर दर्ज करके आगे की जांच जारी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि राजधानी में कानून-व्यवस्था भाजपा की केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है।

## प्रियंका 23 अक्टूबर को वायनाड में नामांकन दाखिल करेंगी

### फिर रोड शो निकालेंगी, राहुल भी मौजूद रहेंगे, बीजेपी ने नाव्या हरिदास को उतारा



**वायनाड।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 23 अक्टूबर को वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करेंगी। इस दौरान राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे। नामांकन के बाद प्रियंका रोड शो भी निकालेंगी। यह प्रियंका गांधी का पहला लोकसभा चुनाव होगा। उनके खिलाफ भाजपा ने नाव्या हरिदास को उतारा है। लोकसभा चुनाव 2024 में राहुल गांधी ने वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने गांधी परिवार की पारंपरिक रायबरेली सीट को चुना था और वायनाड छोड़ी थी। चुनाव आयोग ने 15 अक्टूबर की दोपहर को 13 राज्यों की 47 विधानसभा और लोकसभा की 2 सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की थी। इनमें केरल की वायनाड और महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट शामिल हैं।

केरल की दो विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव है। पार्टी ने दोनों सीटों पर भी उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है।

राहुल ने कहा था- वायनाड का दौरा करता रहूंगा 17 जून को वायनाड सीट छोड़ते वक्त राहुल ने कहा था- वायनाड और रायबरेली से मेरा भावनात्मक रिश्ता है। मैं पिछले 5 साल से वायनाड से सांसद था। मैं लोगों को उनके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड से चुनाव लड़ेंगी, लेकिन मैं समय-समय पर वायनाड का दौरा भी करूंगा। मेरा रायबरेली से पुराना रिश्ता है, मुझे खुशी है कि मुझे फिर से उनका प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा, लेकिन यह एक कठिन निर्णय था।

जून में वायनाड सीट छोड़ने के ऐलान के वक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल ने प्रियंका को गले लगाया।

## बम की धमकी, आज 20 फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली/मुंबई।** देश में यात्री विमानों को मिल रही धमकी का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को 20 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह विमान शामिल हैं। एक दिन पहले शनिवार को 30 से ज्यादा विमानों को धमकी मिली थी। इसके चलते सैकड़ों यात्री घंटों परेशान हुए।

पछले एक हफ्ते में 90 से ज्यादा विमानों को बम की धमकी मिल चुकी है। बाद में ये सभी झूठी साबित हुईं। इन धमकियों की वजह से अब तक 200 करोड़ रुपए तक का नुकसान हो चुका है।

गृह मंत्रालय ने इस संबंध में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी से डिटेल रिपोर्ट मांगी है। सीआईएसएफ, एनआईए और आईबी को भी रिपोर्ट देने को कहा गया है। वहीं, केंद्र ने शनिवार को डीजीसीए चीफ विक्रम देव दत्त को पद से हटाते हुए कोयला मंत्रालय में सचिव बना दिया। इस बदलाव को धमकी वाले मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है।

## दिल्ली में घुटने लगीं सांसें, खराब श्रेणी में वायु प्रदूषण

**नई दिल्ली।** राजधानी में स्थानीय कारक हवा को प्रदूषित कर रहे है। ऐसे में वायु प्रदूषण खराब श्रेणी में बरकरार है। आने वाले दिनों में लोगों को सांस लेने में अब और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रविवार को लोगों ने खराब हवा में सांस ली। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 277 दर्ज किया। हालांकि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक बुधवार को हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। साथ ही, एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार आनंद विहार और वजीरपुर सहित 13 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। जबकि अन्य इलाकों में हवा खराब श्रेणी में बनी रही।

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक रविवार को हवाएं पूर्व से दक्षिण-पूर्व व उत्तर-पूर्व दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 8 से 14 किलोमीटर प्रतिघंटे रही। सोमवार को हवाएं दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति 6 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेंगी। ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच सकती है। मंगलवार को हवा पूर्व दिशा की ओर से चलेंगी। हवा की चाल 8 किलोमीटर प्रति घंटे रहने का अनुमान है। वहीं, बुधवार को हवा विभिन्न दिशा से चलेगी। इस दौरान हवा की गति 6-12 किमी रहने का अनुमान है।

सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 277 रहा, जोकि खराब श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 243, गुरुग्राम में 219, नोएडा में 206, फरीदाबाद में 143 व ग्रेटर नोएडा में 124 एक्यूआई दर्ज किया गया।

राजधानी में दिन के समय धूप परेशान कर रही है। सूरज की तपिश से तापमान बढ़ रहा है। हालांकि, सुबह-शाम हल्की ठंड का अहसास हो रहा है। रविवार को कई इलाकों में न्यूनतम तापमान करीब 18 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक के साथ 35.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक के साथ 20.3 डिग्री सेल्सियस रहा। इस दौरान रिज में सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

## महाराष्ट्र भाजपा ने 99 कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी की

### डिप्टी सीएम फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम, प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले कामठी से चुनाव लड़ेंगे



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को बीजेपी ने 99 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की। इनमें 6 सीटें एसटी और 4 सीटें एससी के लिए हैं। वहीं, 13 सीटों पर महिलाओं को टिकट दिया गया है। 11 पहली बार चुनाव लड़ेंगे।

डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से, महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी सीट से टिकट दिया गया है। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को भोकर और पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे के बेटे संतोष दानवे को भोकरदन सीट से टिकट मिला है।

विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को कोलाबा से और नितेश राणे को कंकावली से चुनाव लड़ेंगे। नार्वेकर शिवसेना और एनसीपी विधायकों की सदस्यता खत्म नहीं करने को लेकर विपक्ष के निशाने पर रहे हैं। नितेश राणे मुस्लिम विरोधी बयानों को लेकर विवादों में हैं।

महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। चुनाव नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। 20 नवंबर को ही नांदेड़ लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव होगा। भाजपा ने नांदेड़ से अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को 2024 को खत्म हो रहा है। महाराष्ट्र में महायुति यानी शिवसेना, भाजपा और एनसीपी अजित पवार गुट की सरकार है। एंटी इनकम्बेंसी और 6 बड़ी पार्टियों के बीच बंटने वाले वोट को साधना पार्टी के लिए बड़ी चुनौती होगी।

लोकसभा चुनाव में भाजपा 23 से 9 सीटों पर सिमटी 2024 लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 सीटों में इंडिया गठबंधन को 30 और एनडीए को 17 सीटें मिलीं।। इनमें बीजेपी को 9, शिवसेना को 7 और एनसीपी को सिर्फ 1 सीट मिली। भाजपा को 23 सीटों का नुकसान हुआ। 2019 लोकसभा चुनाव से एनडीए को 41 सीटें मिली थीं। 2014 में यह आंकड़ा 42 था। यानी आधे से भी कम।

लोकसभा चुनाव के हिसाब से भाजपा को नुकसान का अनुमान 2024 लोकसभा चुनाव के हिसाब से भाजपा 60 सीटों के आसपास सिमट जाएगी। विपक्षी गठबंधन के एक सर्वे में राज्य की 288 सीटों पर एमवीए यानी महाविकास अघाड़ी को 160 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। भाजपा के लिए मराठा आंदोलन सबसे बड़ी चुनौती है। इसके अलावा शिवसेना और एनसीपी में तोड़फोड़ के बाद उद्धव ठाकरे और शरद पवार के साथ लोगों की सिम्पैथी है।

2019 में बीजेपी-शिवसेना गठबंधन था। बीजेपी ने 105 सीटें और शिवसेना ने 56 सीटें जीती। गठबंधन से एनसीपी को 54 और कांग्रेस को 44 सीटें मिलीं थी। भाजपा-शिवसेना आसानी से सत्ता में आ जाती, पर मनमुटाव के कारण गठबंधन टूट।

23 नवंबर 2019 को फड़नवीस ने मुख्यमंत्री और अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ये सुबह-सुबह की शपथ थी। पर बहुमत परीक्षण से पहले 26 नवंबर 2019 को दोनों ने इस्तीफा दे दिया।

# चांद को अर्द्ध देकर पिया के हांथो पत्नियों ने तोड़ा व्रत

## पतियों के लम्बी उम्र के कामना का त्यौहार है करवा चौथ

सीधी





सनातन धर्म से पतियों की लम्बी उम्र की कामना के लिये पत्नी करवा चौथ त्यौहार पर निर्जला व्रत रखकर चांद दिखने के बाद आर्द्ध देकर पिया के हांथ जल पीकर ब्रत तोड़ती है। करवा चौथ कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चौथ को मनाई जाती है। उस दिन सौभाग्यवति स्त्रीयों के लिये चौथ का व्रत बड़ा सौभाग्यशाली और महत्वपूर्ण दिन होता है। पतिव्रता स्त्रिया अपने पति की दीर्घायु की शुभकामना के भावना से ही यह महत्वपूर्ण व्रत करती है। इस दिन गृहणियॉ चावलो को पीसकर दीवार पर करवा चौथ बनाती है। जिसे वर कहा जाता है। इस करवा चौथ मे पति के अनेका नेक रूप बनाये जाते है। तथा सुहाग की अनेक वस्तुए जैसे चूड़ी, विन्दी, विछुआ, मेंहदी, महावर लगाने वाली नाइन, चूड़ी पहनाने वाली मनिहारिन, सात भाईयों की एकलौती बहन सूर्य-चन्द्रमा, शिव और पर्वती आदि देवताओं के भी चित्र रेखाकिंत किये जाते है। साधक स्त्रियों को इस दिन निरजल तथा निराहार व्रत रखती है और रात को जब चन्द्रमा उदय होता है तो प्रकाश मे चन्द्रमा को आर्द्ध देकर ही भोजन करती है। पूजा अर्चना के दौरान पीली मिट्टी की गौरी की प्रतिमा सजाकर करना चाहिये। करवा चौथ पति-पत्नी का महज एक ब्रत या त्यौहार तक ही सीमित नही होता। करवा चौथ के दिन जब पत्नी अपने पति के लम्बी उम्र की कामना कर व्रत रखती है तो वह एक परम्परा नही होती। उसकी छिपी हुई भावना भी वया करती है। इन्ही त्यौहारो की बजह से आपसी रिश्तो के बंधन मजबूत होते चले जाते है। उल्लेखनीय है कि करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के पंजाब उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश और राजस्थान का पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह पर्व सौभाग्यवती सुहागिन स्त्रियाँ मनाती हैं। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चंद्रमा दर्शन के बाद संपूर्ण होता है।

ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलाओं तक सभी नारियाँ करवाचौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। शास्त्रों के अनुसार यह व्रत कार्तिक मास के

कृष्णपक्ष की चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी के दिन करना चाहिए। पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की अर्चना की जाती है। करवाचौथ में भी संकष्टीगणेश चतुर्थी की तरह दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को देने के उपरांत ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवाचौथ व्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करकचतुर्थी करवा चौथ व्रत करने का विधान है। इस व्रत की विशेषता यह है कि केवल सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। स्त्री किसी भी आयु, जाति, वर्ण संप्रदाय की हो सबको इस व्रत को करने का अधिकार है। जो सौभाग्यवती सुहागिन स्त्रियाँ अपने पति की आयु स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं ।

# भारतीय मशहूर फिल्म पिचईकरन का हुआ प्रदर्शन

सीधी



इंद्रवती नाट्य समिति, यूसीएन मास पब्लिक स्कूल, ट्रांसफ्रेम और आर्ट ऑन क्लिक के सहयोग से हर रविवार लोगो को ज्ञानवर्धक और मनोरंजन से ओत-प्रोत फिल्में लगातार दिखाई जाती है। बच्चों के उत्साह को देखते हुए और साथ युवाओं की सहभागिता रहती है। इस रविवार माँ के प्रति बेटे के प्रेम को दर्शाती है भारतीय मशहूर फिल्म पिचईकरन का प्रदर्शन किया गया।

**फिल्म पिचईकरन**

शशि द्वारा निर्देशित इस फिल्म का नाम पिचईकरन है, जिसका मतलब है 'भिखारी'। जैसा कि शीर्षक से पता चलता है, यह फिल्म हमें खाली पेट भरने के लिए चंद सिक्कों के लिए भीख मांगने में बिताए गए जीवन की अपमानजनक स्थिति से रूबरू कराती है। एक अजीब दुर्घटना के कारण उसकी माँ कोमा में चली जाती है। कई महीनों के इलाज के बाद, अरूल सारी उम्मीदें खो देता है। उसकी माँ की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जाती है और दुनिया का सारा पैसा भी उसे नहीं बचा पाता अब स्वामी जी आते हैं, जो वादा करते हैं कि अगर अरूल अपना नाम, धन और प्रतिभूतियां त्याग कर 48 दिनों तक भीख मांग ले, तो बदले में उसकी मां को जीवन मिल जाएगा। कोई और उम्मीद न होने पर, अरूल भिखारी बनने को मजबूर हो जाता है। इस युवा अरबपति की शुरूआती असहजता को, जब वह अपना स्वाभिमान त्यागने और बिना घर और भोजन के सड़क पर जीवित रहने के लिउ संघर्ष करता है, खुबसूरती से चित्रित किया गया है। जल्द ही, बुरे लोग बढ़ने लगते हैं और अरूल को हीरो मोड में जाना पड़ता है, जबकि वह भीख मांगना जारी रखता है। हमारे पास एक मानसिक स्वास्थ्य सेवा सुविधा है जो असहाय रोगियों पर अवैध नैदानिक परीक्षण करती है, और एक पैसे का लालची चाचा उसे उसकी विरासत से ठगने के लिए बाहर है।

अरूल और पिज्जा पार्लर चलाने वाली मैगीजिनी (सतना टाइटस) के बीच रोमांस भी है। उसका किरदार अच्छा है और उसने अच्छा अभिनय किया है। विजय एंटनी कई बार बेजान लगते हैं, लेकिन ज्यादातर समय वे एक भरोसेमंद अभिनय करते है। उनका बकग्राउंड स्कोर और गाने दर्शकों को बांधे रखने के लिए सही करूणा पैदा करते है। फिल्म में कुद मनोरंजक हल्के-फुल्के क्षण भी हैं, लेकिन मां की भावनाओं का भरपूर दोहन किया गया है, जो नाटकीयता की सीमा तक पहुंच गया है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह फिलम के लिए कारगर साबित हुआ है। फिल्म को देखने के बाद सुप्रसिद्ध हास्य कवि बृजेश सरल जी ने सिनेमा क्लब के बच्चो से संवाद किया और कहा कि धैर्यता सबसे बड़ी तपस्या है, हम सभी को हर काम धैर्यता से करना चाहिए।

# जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आज

**सीधी।** लोक शिक्षण संचालनालय एवं मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 सीधी में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीम जिन्होंने अपने रजिस्ट्रेशन 18 अक्टूबर तक कर लिए थे, उन्हें भाग लेने की पात्रता होगी सभी प्रतिभागी विद्यालय प्रात: 10:00 बजे उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के विवेकानंद सभागार में पहुंचकर प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन करवाएंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए इस प्रतियोगिता के संयोजक उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस.एन. त्रिपाठी ने बताया कि सर्वप्रथम टीमों को पंजीयन कराना होगा तत्पश्चात यह प्रतियोगिता 12:00 बजे से 1:30 तक लिखित रूप में आयोजित होगी तत्पश्चात स्वल्पाहार के बाद 2:00 बजे से 3:30 बजे के बीच मूल्यांकन कार्य, वन विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा और 4:00 बजे प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा के साथ प्रथम द्वतीय व तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक और प्रमाण पत्र के साथ सभी प्रतिभागी टीमों को प्रमाण पत्र माननीय अधिकारियों की उपस्थिति में वितरित किए जायेगे। प्रथम विजेता टीम को राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका प्राप्त होगा। राज्य स्तर पर प्रथम विजेता टीम को 30000 रुपए द्वितीय को 25000 तथा तृतीय को 15000 रुपए और ट्राफी से सम्मानित किया जाएगा। सभी प्रतिभागी टीमें निर्धारित समय पर पहुंचकर निर्देश अनुसार प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर पी एल मिश्रा ने सभी रजिस्टर्ड टीमों को आवश्यक रूप से भाग लेने हेतु निर्देश जारी किए है। इस प्रतियोगिता के संरक्षक जिला कलेक्टर, समन्वयक वन मंडलाधिकारी सीधी एवं प्रतियोगिता का संपूर्ण आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी के कुशल निर्देशन में आयोजित होने जा रहा है।

# रामपुर नैकिन पुलिस ने 282 नग आनरेक्स कफ सिरप किया जप्त

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के कुशल निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी श्री अरविंद श्रीवास्तव व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में रामपुर नैकिन एवं चौकी पिपराव पुलिस ने अलग-अलग प्रकरण में 51000 रू. कीमती 282 नग कफ सिरप के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर मामला किया पंजीबद्ध।

दिनाँक 18.10.24 को चौकी प्रभारी पिपराव उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी को मुखविर सूचना मिली कि ग्राम अंकित जायसवाल अवैध नशीली कफ सिरप को खारा तिराहा पटना अर्जुन नगर रोड के ग्राम खारा में रखे खड़ा है तथा स ग्राहको का इंतजार कर रहा है। चौकी प्रभारी पिपराव द्वारा मुखविर सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जाकर रेड़ कार्यवाही हेतु स्वयं के नेतृत्व में एक टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर रवाना हुये जहा एक व्यक्ति मिला जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम अंकित जायसवाल पिता रवीकरण जायसवाल उम्र 21 साल निवासी खारा चौकी पिपराव थाना रामपुर नैकिन का होना बताया जिसके पास रखे खाखी रंग के कार्टून को खुलवाकर चेक किया गया तो कार्टून के अंदर प्लास्टिक के आठ पैकेट पाए गए प्रत्येक पैकेट में 30-30 सीसी आनरेक्स कफ सिरप कुल 240 नग कीमती 43,200 रूपये पाया गया जो उक्त आरोपी से अवैध नशीली कफ सिरफ बिक्री करने के संबंध मे वैध दस्तावेज की माग की गई जो नही होना बताया । आरोपी उक्त से अबैध नशीली आनरेक्स कफ सिरप 240 नग कीमती 43200 रूपये की जप्ती की जाकर आरोपी का उक्त कृत्य धारा 5/13 म.प्र. ड्रग्स कंट्रोल अधि. एवं 8बी/21, 22 एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने पर अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया है।

दिनाँक 18.10.24 को थाना रामपुर नैकिन को मुखविर सूचना मिली कि ग्राम भीतरी का बंट्टा साकेत एक सफेद रंग के प्लास्टिक की थैली में अवैध नशीली कफ सिरप विक्री करने हेतु ग्राम भीतरी के बाबा घटिया के पास बैठा ग्राहको का इंतजार कर रहा है। थाना प्रभारी रामपुर नैकिन द्वारा मुखविर सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया जाकर रेड़ कार्यवाही हेतु एक टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर रवाना किये जहा एक व्यक्ति प्लास्टिक की थैली लिये जाते हुए दिखाई दिया जिसे हमराह स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं नाम पता पूछने पर अपना नाम राजरखन उर्फ बंट्टा साकेत पिता किशनलाल साकेत उम्र 36 साल निवासी ग्राम भीतरी धौंसड़ा टोला थाना रामपुर नैकिन का होना बताया जिसके पास रखे झोले को खुलवाकर चेक किया गया तो झोले के अंदर 42 सीसी आनरेक्स कफ सिरप कीमती 8000 रूपये पाया गया जो उक्त आरोपी से अवैध नशीली कफ सिरफ बिक्री करने के संबंध मे वैध दस्तावेज की माग की गई जो नही होना बताया । आरोपी उक्त से अबैध नशीली आनरेक्स कफ सिरप 42 नग कीमती 8000 रूपये की जप्ती की जाकर आरोपी का उक्त कृत्य धारा 5/13 म.प्र. ड्रग्स कंट्रोल अधि. एवं 8/21, 22, 27ए, 29, 43 एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने पर अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया है।

# साइबर क्राइम से बचने जागरूक और सजग रहें : रोशनी

**सीधी।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला सीधी द्वारा संचालित ग्रामीण आजीविका मिशन प्रशिक्षण केंद्र मझौली में एसडीओपी मझौली रोशनी सिंह ठाकुर के द्वारा स्व सहायता समूह की सदस्यों एवं बैंक सखी के साथ-साथ सीआरपी को डिजिटल होने वाले क्राइम के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें जानकारी देते हुए सचेत किया गया कि किस तरह से अपराध होते हैं, किसी को ओटीपी देने की जरूरत नहीं है, किसी परिचय वाले व्यक्ति से ही ऑनलाइन बात करें अन्यथा अवॉइड करें, मोबाइल में फोटो किस तरह की लगाएं, किस तरह से अपनी जानकारी को शेयर करें, अपना बचाव कैसे करें आदि।

उक्त जानकारी देते हुए रोशनी सिंह ठाकुर ने कहा कि स्व सहायता समूह की महिलाएं बहुत ही जागरूक होती हैं, इसलिए उनसे अपेक्षा की जाती है कि वह इस तरह से गलतियां नहीं करें तथा अन्य महिलाओं को भी सचेत करें। सावधानी हटने से आपका दुरुपयोग हो सकता है। साइबर क्राइम के लोग आपके पैसे एकाउंट से भी निकाल सकते हैं। उसके बचाव के लिए भी आपको सदैव सजग रहकर कार्य करना होगा। उक्त कार्यक्रम को संपादित करने में आजीविका मिशन जिला प्रबंधक अजय सिंह, विकासखंड प्रबंधक चंद्रकांत सिंह के साथ-साथ अरुण गौतम एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में 40 से अधिक स्व सहायता समूह की सदस्य एवं बैंक सखी उपस्थित रही। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला सीधी द्वारा संचालित ग्रामीण आजीविका मिशन प्रशिक्षण केंद्र मझौली में एसडीओपी मझौली रोशनी सिंह ठाकुर के द्वारा स्व सहायता समूह की सदस्यों एवं बैंक सखी के साथ-साथ सीआरपी को डिजिटल होने वाले क्राइम के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें जानकारी देते हुए सचेत किया गया कि किस तरह से अपराध होते हैं, किसी को ओटीपी देने की जरूरत नहीं है, किसी परिचय वाले व्यक्ति से ही ऑनलाइन बात करें अन्यथा अवॉइड करें, मोबाइल में फोटो किस तरह की लगाएं, किस तरह से अपनी जानकारी को शेयर करें, अपना बचाव कैसे करें आदि।

# प्रतिबंध के बाद भी जोगदहा पुल में भारी वाहनों पर कार्यवाही नहीं

**बहरी।** जिले के बहरी से लेकर अमिलिया मार्ग अंतर्गत जोगदहा पुल में क्षतिग्रस्त पुल के बाद भी भारी वाहनों पर कार्यवाही नहीं हो रही है। जबकि इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी द्वारा 24 अप्रैल को आदेश जारी किया गया था इसके बाद भी धड़ल्ले से भारी वाहनों की आवाजाही हो रही है। इस मामले में शिकायत के बाद कोई पहल नही हो रही है। देखा जाए तो यह पुल काफी क्षतिग्रस्त है लेकिन भारी वाहनों की आवाजाही से दिक्कतें हो रही हैं। कभी बड़ा हादसा भी घटित हो सकता है।

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी (म.प्र.)

क्रमांक/ /ज.भा.स./2024 सीधी दिनांक

जनभागीदारी योजना के अंतर्गत पाठ्यक्रमों में अतिथि विद्वानों से अध्यापन व्यवस्था हेतु विज्ञापन

## आमंत्रण सूचना (सत्र 2024-25)

महाविद्यालय में निम्नलिखित विषयों में जनभागीदारी योजना के अंतर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर पाठ्यक्रम संचालित है। इन पाठ्यक्रमों में शिक्षण व्यवस्था हेतु उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन भोपाल के निर्देशानुसार निम्न विषयों में महाविद्यालय जनभागीदारी से जनभागीदारी अतिथि विद्वान पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं-

| क्र | विषय | पद | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | राजनीति शास्त्र | 02 | एम.ए. राजनीति शास्त्र ( न्यूनतम 55% अथवा अधिक)उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित। |
| 2 | समाज शास्त्र | 01 | एम.ए. समाज शास्त्र (न्यूनतम 55% अथवा अधिक)उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित। |
| 3 | अर्थशास्त्र | 03 | एम.ए. अर्थ शास्त्र (न्यूनतम 55% अथवा अधिक)उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित। |
| 4 | हिन्दी | 03 | एम.ए. हिन्दी (न्यूनतम 55% अथवा अधिक)उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित। |
| 5 | इतिहास | 01 | एम.ए. इतिहास (न्यूनतम 55% अथवा अधिक)उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित। |
| 6 | वनस्पति शास्त्र | 01 | एम.एससी. वनस्पतिशास्त्र (न्यूनतम 55% अथवा अधिक)उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित। |
| 7 | प्राणि शास्त्र | 01 | एम.एससी. प्राणि शास्त्र (न्यूनतम 55% अथवा अधिक)उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित। |
| 8 | रसायन शास्त्र | 01 | एम.एससी. रसायन शास्त्र (न्यूनतम 55% अथवा अधिक)उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित। |
| 9 | गणित | 02 | एम.एससी. गणित (न्यूनतम 55% अथवा अधिक)उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित। |

शर्ते-

1. अतिथि विद्वानों के लिए आवश्यक अर्हता मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित नवीनतम आदेशानुसार होगी। उच्च उपाधि अर्हता अनुभव प्राप्त प्रत्याशियों को वरीयता दी जायेगी।
2. पदों की संख्या में परिवर्तन, निरसन, विज्ञप्ति को आंशिक या पूर्णत: निरस्त करने एवं मानदेय राशि के परिवर्तन का पूर्ण अधिकार महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति का रहेगा।
3. चयनित उम्मीदवारों को प्रदत्त दायित्वों का असंतोषजनक निर्वहन होने पर या अनुशासन संबंधी विवाद की स्थिति में पद से हटाये जाने का अधिकार महाविद्यालय के प्राचार्य को रहेगा, उनका निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य रहेगा।
4. उक्त पद पूर्णत: अस्थाई है। तथा बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकता है।
5. आवेदन पत्र के लिफाफे पर पद का नाम एवं विषय अनिवार्य रूप से लिखे। आवेदन पत्र सचिव जनभागीदारी समिति शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी के नाम से बंद लिफाफे में सभी प्रमाण पत्रों की स्वसत्यापित प्रति के साथ स्वयं आकर या रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा कार्ययालयीन समय में दिनांक 25-10-2024 तक सायं 5:30 बजे तक जमा कर सकते हैं।
6. समस्त अतिथि विद्वानों को महाविद्यालय में 06 घंटे रहना अनिवार्य होगा तथा आने एवं जाने के समय की उपस्थिति पंजी में दर्ज करना होगा।
7. किसी भी प्रकार के अवकाश की पात्रता नहीं होगी।
8. अध्यापन कार्य समाप्त होने पर पूर्व की भांति कार्य से पृथक कर दिया जायेगा एवं आवश्यकता होने पर पुन: अध्यापन कार्य हेतु आमंत्रित किया जावेगा।

( प्रो. ओमप्रकाश नामदेव )
प्राचार्य/सचिव
जनभागीदारी समिति
शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी ( म.प्र. )

# फरार 47 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रविंद्र वर्मा के कुशल निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन एवं समस्त थाना/चौकी के थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में दिनांक 19-20/10/2024 के दरम्यानी रात एक बार पुन: जिले भर में साप्ताहिक कांबिंग गस्त का विशेष अभियान चलाकर 05 स्थाई वारंट एवं 42 गिरफ्तारी वारंट कुल 47 वारंट तमिल किए गए हैं। साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान 30 गुण्डा बदमाश एवं 21 निगरानी बदमाशों को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर भविष्य में अपराध कारित न करने की हिदायत दी गई है। सीधी पुलिस ने हत्या/लूट/डकैती/मारपीट/आबकारी आदि जैसे विभिन्न अपराधों के प्रकरणों मे जो आरोपी माननीय न्यायालय के समक्ष उपास्थित नहीं हुए है उनके विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई/गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। उपर्युक्त लंबे समय से फ़रार आरोपियों की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये गये है लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदय सीधी द्वारा पूर्व से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम राशि की उद्घोषणा की गई थी। इसी तारतम्य में अभियान स्तर पर कार्यवाही करते हुये सीधी पुलिस द्वारा जिले भर में सप्ताहिक कांबिंग गस्त चलाकर एक दिन में 47 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# देर रात तक चला समय समागम कवि सम्मेलन, हॅसी के ठहाके लगाते रहें श्रोता

सीधी

शहर के पूजा पार्क में विगत दिवस आयोजित हुए समय समागम कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए कवियो अपने शानदार प्रस्तुति एवं मधुर स्वर का ऐसा जादू विखेरा कि शनिवार की शाम से प्रारंभ हुआ कवि सम्मेलन रविवार के आगाज के साथ समाप्त हुआ। देर रात तक हजारो काव्य पाठ प्रेमियों ने प्रांगण में अपनी उपस्थिती बनाई रखी, जो कि अपने आप में कवि सम्मेलन की सफलता को शिखर तक पहुँचाया है। श्रोताओं ने कहा कि वर्षो बाद आयोजित काव्य पाठ कार्यक्रम में देश के कोने कोने से आए कवियों ने ऐसा समा बांधा कि सभी श्रोता झूम उठे।

समय समागम कवि सम्मेलन कार्यक्रम के संयोजक अमित कुमार गौतम स्वतंत्र ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, समय समागम कार्यक्रम सहयोगी, व्यवस्थापक एवं हजारों संख्या में उपस्थिति श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया है। कवि सम्मेलन में मुख्य रूप कवि सुप्रसिद्ध हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी प्रयागराज, हास्य कवि अमित शुक्ला, हास्य कवि कामता माखन, बृजेश सिंह सरल, अतुल पटवारी, डॉक्टर आरती तिवारी, कीर्ति चौबे, धरमवीर धरम दिल्ली, विपिन मिश्रा एवं हर्ष पाण्डेय सरस जैस कवियों द्वारा प्रस्तुति दी गई। श्री स्वतंत्र ने कहा कि समय समागम कवि सम्मेलन को जिस प्रकार से सफल बनाने में जिले के नागरिकों का श्रोता के रूप में सहयोग मिला है यह भविष्य में इस प्रकार के और बड़े साहित्यिक आयोजनों के लिए प्रोत्साहन है।

आयोतिज समय समागम विशाल कवि सम्मेलन के समापन अवसर पर संजीव मिश्रा समाजसेवी ने अपने आर्शीवचन में आयोजन समिति के प्रति ह्दय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चिंतक विचरक लेखक अमित कुमार गौतम, समय समागम कमेटी के हर एक सदस्य की मेहनत सफल रही, तभी तो शनिवार की शाम से प्रांरभ हुआ काव्य पाठ रविवार की अलसुबह तक हजारों श्रोत्राओं की उपस्थिती के साथ समाप्त हुआ। इसमें देश के ख्यातिनाम कवियों ने देश भक्ति, हास्य.व्यंग्य और श्रृंगार की रचनाएं सुनाकर ऐसा समा बांधा कि श्रोता भी अलसुबह तक झूमते रहे। ख्यातिप्राप्त कवियो ने देश भक्ति से सराबोर कविताएं सुनाकर दर्शकों को भावविभोर एवं मंत्रमुग्ध कर दिया।

संपादकीय

## मुंबई पुलिस की साख का सवाल

राजनेता बाबा सिद्दीकी की मुंबई में जिस तरह हत्या कर दी गई, उससे एक बार फिर महाराष्ट्र की कानून-व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा है। इस हत्याकांड को लेकर आरोपों के घेरे में जिस तरह के लोग आ रहे हैं, उससे यह भी जाहिर हुआ है कि जेल में बंद कोई अपराधी कैसे आपराधिक साजिशों को आसानी से अंजाम दे लेता है और पुलिस लाचार देखती रहती है। बाबा सिद्दीकी अजीत पवार की अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के ऐसे नेता थे, जिनकी राज्य की राजनीति और फिल्म उद्योग में खासी पकड़ और पैठ थी।सवाल है कि जब इतने ऊंचे कद के नेता की सरेआम हत्या करने में अपराधियों को कोई खास बाधा पेश नहीं आई, तो आम लोग किस आधार पर खुद को सुरक्षित मानें। पकड़े गए आरोपियों के जरिए सामने आ सके ब्योरे यह बताने के लिए काफी हैं कि वारदात को अंजाम देते हुए उनके भीतर पुलिस और कानूनी कार्रवाई का कोई खौफ नहीं था। इससे सबसे चौकस मानी जाने वाली मुंबई पुलिस की कुशलता पर भी सवाल उठे हैं।कहा जा रहा है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या के पीछे लारेंस बिश्नोई गिरोह का हाथ हो सकता है। अगर यह खबर सच है, तो यह समूची कानून-व्यवस्था को कठघरे में खड़ा करती है कि जेल में बंद एक अपराधी कैसे अंदर बैठ कर बाहर किसी जानी-मानी हस्ती की हत्या कराने में कामयाब हो जाता है। आखिर क्या वजह है कि इस तरह के अपराध को अंजाम देने वालों पर काबू पाने में पुलिस या संबंधित महकमे नाकाम साबित हो रहे हैंपहले भी खबरें आ चुकी हैं कि लारेंस बिश्नोई और उसका गिरोह किस तरह देश-विदेश में फैले अपने संगठित तंत्र के जरिए बड़ी-बड़ी वारदात कराता है। विडंबना है कि ऐसी खबरें सरेआम फैली होने के बावजूद अलग-अलग राज्यों में कानून-व्यवस्था का मोर्चा संभालने वाली पुलिस को उसे रोक पाने में कामयाबी नहीं मिल पा रही। अगर किसी दुर्दांत अपराधी को जेल में रहकर भी मनमानी करने का अवसर मिल जाता है, तो यह वास्तव में कानून-व्यवस्था लागू कराने वालों की कार्यक्षमता पर तीखा सवाल है।

**संस्थान के पास अपना एक प्रतीक-चिह्न होता है, जिससे वह अपने कर्म का संदेश देता है। अन्य देशों में अलग-अलग व्यवस्था है, लेकिन साझा मत यही है कि इन प्रतीक-चिह्नों से जो प्रतीकात्मक अर्थ निकल रहा है, वह हर हाल में साकार हो। भारतीय अदालतें इस मामले में उम्मीदों पर पूरी तरह खरी नहीं उतर सकी हैं। लिहाजा, इन संकेतों के सार्थक होने के लिए हमें कुछ अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। मसलन, अदालतों में वकील पूरी तैयारी के साथ आएं; मामले इस तरह पेश किए जाएं कि न्याय जल्दी मिल सके; मुकदमों का उचित वर्गीकरण हो; अलग-अलग जजों के एक ही मुद्दे पर अलग-अलग विचार न हों; जजों की पर्याप्त संख्या हो; अदालतों पर मुकदमों के लगातार बढ़ते बोझ कम करने के सार्थक प्रयास किए जाएं, आदि।**

# खुली आंखों और संविधान वाली देवी

(संजय पारिख, वरिष्ठ अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट)

आम धारणा है कि न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी यह बताती है कि कानून अंधा होता है। ऐसी समझ को लेकर साल 1983 में अंधा कानून नाम से एक लोकप्रिय फिल्म तक बन चुकी है। यहां तक कि न्याय की देवी के हाथों में तराजू के झुके पलड़े को अन्याय के संकेत के रूप में ही दिखाया जाता रहा है। मगर अब ये सब बातें इतिहास बन जाएंगी। न्याय की देवी की नई प्रतिमा न सिर्फ खुली आंखों वाली है, बल्कि तलवार की जगह इनके हाथ में संविधान है। तराजू के पलड़ों को भी अब बराबर कर दिया गया है। देवी का रंग भी श्वेत कर दिया गया है।

खबरों की मानें, तो ऐसा इसलिए किया गया है, क्योंकि भारत गुलामी के सभी संकेतों से बाहर निकलना चाहता है। आंखों से पट्टी हटाकर यह बताया गया है कि कानून कभी अंधा नहीं होता। तलवार को हिंसा का संकेत समझा गया था और इसे हटाकर बताया गया है कि देश संविधान से चलता है। तराजू के बराबर पलड़े का अर्थ है, सभी के लिए न्याय के समान अवसर। श्वेत रंग संभवतः शुभ या शुचिता का संकेत देता है।

बहरहाल, न्याय की देवी के पुराने संकेतों को हम अपने तईं विश्लेषण करने को स्वतंत्र हैं, लेकिन न्याय का तकाजा यही है कि हम उसे उसी नजर से देखें, जिस नजर से इसे स्वीकार किया गया था। 16वीं सदी से न्याय की देवी को आंखों पर पट्टी बांधे दिखाया जाता रहा है। उस वक्त इसे निष्पक्षता का प्रतीक समझा गया था। सोच यही थी कि बंद आंखों से न्याय अपने सम्मुख आने वाले लोगों में पैसे, पावर या रुतबे के आधार पर कभी कोई भेदभाव नहीं करेगा। मगर हम इस प्रतीक को न्याय-प्रक्रिया में कितना उतार सके हैं, यह जानना जरूरी है स्थिति यह है कि आज भी वकालतखाने में यह चर्चा अमूमन होती है कि अदालत में पेश होने वाले अभियोजन या अभियोग पक्ष के रुतबे को



देखकर न्याय प्रभावित हो जाता है। शायद हम न्याय की देवी की बंधी आंखों का अर्थ न्याय-प्रक्रिया में उतारने में सफल नहीं हो पाए हैं।

इसी तरह, तराजू का एक पलड़ा झुका रहने का संकेत था कि दोनों पक्षों की बहसों को सुनने के बाद न्याय का फैसला उसके हक में दिया जाएगा, जिसके गवाह और तर्क में दम हो। अदालत में सच एक पक्ष के ही साथ खड़ा होता है, जो कि निष्पक्ष विवेचना के बाद वजनदार साबित होता है। रही बात तलवार की, तो उसका मतलब था, न्याय शीघ्रता से और अंतिम तौर पर मिले। तलवार को इस बात का प्रतीक माना गया था कि बिना किसी देरी और उलझन के सही फैसला दिया जाएगा। जाहिर है, अगर हम इन संकेतों का शाब्दिक अर्थ लगाएंगे, तो अनर्थ ही करेंगे।

यहां नए संकेतों का अर्थ समझना भी आवश्यक है। कहा गया है कि तराजू का बराबर पलड़ा समाज में संतुलन का प्रतिनिधित्व कर रहा है, जबकि हाथ में संविधान का मतलब है, संचालन-प्रक्रिया का सांविधानिक प्रावधानों के अनुरूप होना। आंखों से पट्टी हटने का संकेत है, सबको समान रूप से देखना। यानी, नए संकेतों के अर्थ भी करीब-करीब पुराने प्रतीकों को ही ध्वनित कर रहे हैं। इसी कारण न्याय की प्रतिमा में किए गए हालिया बदलावों को सांकेतिक ही अधिक माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि इन सबके बजाय यदि हम न्याय की देवी द्वारा इंगित मूल्यों में संजीदगी दिखाते, तो कहीं बेहतर होता।

हमें देखना यह भी चाहिए कि आखिर भारतीय न्याय-व्यवस्था को लेकर आम धारणा इतनी कटु क्यों है यह क्यों माना जाता है कि यहां न्याय देर से मिलता है, जबकि अदालतों में तारीखें अनवरत मिलती रहती हैं प्रस्तावना में जिस सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की वकालत की गई है, उसे वास्तविक अर्थों में साकार करने में हम अब तक क्यों विफल रहे हैं कानून के सम्मुख सभी के समान होने का जो निर्देश संविधान देता है, उसे हम अपनी व्यवस्था में पूरी तरह क्यों नहीं उतार सके हैं जब तक इन सवालों के उचित जवाब हम नहीं खोज लेते हैं, तब तक न्याय की देवी के प्रतीक-चिह्नों की सार्थकता कठघरे में खड़ी की जाती रहेगी। कुल मिलाकर, प्रतीकात्मक बदलावों का भारतीय न्याय-व्यवस्था पर सीधे शायद ही कोई असर पड़ेगा। देखना यह जरूरी था कि न्याय की देवी के प्रतीक-चिह्नों से जो मूल्य निकल रहे हैं, उसे हम कितना सुन-समझ पाए हैं अगर नहीं समझ रहे, तो उसे सुनने-समझने के प्रयास होने चाहिए थे। यह कहीं ज्यादा जरूरी कवायद होती। इसी कारण यह कहा जा रहा है कि अदालतों के मौजूदा व्यवहार और व्यवस्था में जल्द बदलाव नहीं हुआ, तो यह स्थिति आगे भी बनी रह सकती है और तब न्याय की देवी बस एक निरर्थक संकेत बनकर रह जाएगी। असल में, प्रतीक-चिह्नएक पहचान के रूप में काम करते हैं। हर संस्थान के पास अपना एक प्रतीक-चिह्न होता है, जिससे वह अपने कर्म का संदेश देता है। अन्य देशों में अलग-अलग व्यवस्था है, लेकिन साझा मत यही है कि इन प्रतीक-चिह्नों से जो प्रतीकात्मक अर्थ निकल रहा है, वह हर हाल में साकार हो। भारतीय अदालतें इस मामले में उम्मीदों पर पूरी तरह खरी नहीं उतर सकी हैं। लिहाजा, इन संकेतों के सार्थक होने के लिए हमें कुछ अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। मसलन, अदालतों में वकील पूरी तैयारी के साथ आएं; मामले इस तरह पेश किए जाएं कि न्याय जल्दी मिल सके; मुकदमों का उचित वर्गीकरण हो; अलग-अलग जजों के एक ही मुद्दे पर अलग-अलग विचार न हों; जजों की पर्याप्त संख्या हो; अदालतों पर मुकदमों के लगातार बढ़ते बोझ कम करने के सार्थक प्रयास किए जाएं, आदि। ऐसे तमाम उपायों से ही भारतीय न्याय-व्यवस्था की लेट-लतीफी की बन चुकी आम धारणा खंडित हो सकेगी। अभी यह सोचने का उचित अवसर है कि भारतीय कानून-व्यवस्था के 'अंधे' होने की धारणा बनी क्यों अगर शुरुआत में ही हम न्याय की देवी के प्रतीकात्मक संकेतों को सही अर्थों में अपना चुके होते, तो आज हमें प्रतिमा में किसी भौतिक बदलाव की जरूरत ही नहीं पड़ती। मूर्ति में बदलाव की नहीं, बल्कि न्याय के सभी परिमापों को न्याय-प्रक्रिया में लाने की आवश्यकता है। मगर, जैसा कि कहते हैं, जब जागो, तभी सबेरा। हम आज भी न्याय की देवी के तमाम संकेतों को वास्तव में साकार कर सकते हैं, पर इसके लिए हमें जरूरी गंभीरता दिखानी पड़ेगी। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# रबी फसलों के एमएसपी की घोषणा, बाजारी ताकतों पर नियंत्रण जरुरी

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी।

बुवाई से पहले या बुवाई के समय फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि किसानों को कौन सी फसल लेना लाभकारी रहेगा इस पर सोच विचार कर निर्णय करने का अवसर मिल जाता है। पिछले कुछ सालों से केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ हो या रबी लगभग इनके बुवाई के समय ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी जाती है। इसे सरकार की सकारात्मक पहल भी कहा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छहों फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है जिससे किसानों के लिए यह फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके। दावों की माने तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 105 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 50 प्रतिशत अधिक है तो चना और जौ की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है। सरसों की लागत से 98 फीसदी तो मसूर की 89 प्रतिशत अधिक राशि तय की गई है। निष्कर्ष रुप से यह कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। एमएसपी की घोषणा करते समय सरकार ने लागत में खाद-बीज, कीटनाशक, सिंचाई पर व्यय के साथ ही मानव श्रम का भी समावेश किया गया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है।

देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे



तो ऐसी स्थिति में सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरें में लाया गया। कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में गेहूं, धान आदि 7 अनाज फसलें, 5 दलहनी, 7 तिलहनी, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है।

केन्द्र सरकार द्वारा प्रमुखतः राज्यों में सहकारी संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से एमएसपी की खरीद की जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में सहकारी संस्थाओं का विस्तृत और सीधे काश्तकारों की पहुंच का नेटवर्क है। अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और फिर खरीद के बाद ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था से पारदर्शिता आई है। पर सवाल अभी वहीं है कि जब तक बाजार में खासतौर से मण्डियों में एमएसपी फसलों के भाव घोषित एमएसपी दरों के समकक्ष नहीं आते तब तक खरीद जारी रहने से ही काश्तकारों को सही मायने में इस व्यवस्था का फायदा मिल सकता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि पारदर्शी व्यवस्था में भी बिचौलियों ने सेंध लगा ली है और लाख प्रयासों के बावजूद छोटे किसानों को सब तो नहीं पर कुछ काश्तकारों को व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पाता। इसमें व्यवस्था का दोष इस मायने में हैं कि किसान को अपनी तात्कालीक व आवश्यक जरुरतों को पूरा करने के लिए साहूकार पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसे में काश्तकार अपनी फसल काश्तकार के नाम कर उससे अग्रिम राषि ले लेता है और बदले में काश्तकार के दस्तावेज से बिचौलियें लाभ उठा लेते हैं।

यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है और इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था के सुचारु संचालन और बाजार पर नियंत्रण रखना रहा है। अन्य फसलों का जहां तक सवाल है देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फैडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं द्वारा व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत किया जाता रहा है। एक समय था जब न्यूनतम खरीद आरंभ होते ही मण्डी में भी भावों में तेजी आने लगती थी। पर अब ऐसा नहीं हो रहा है इसके कारण क्या है, इस पर विचार करना।

दरअसल बिचौलियों ने एमएसपी खरीद व्यवस्था में सैंध लगा दी है। किसान से ही खरीद और ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद इस व्यवस्था का लाभ बिचौलिएं अधिक उठाने लगे हैं। सवाल यह है कि केन्द्र व राज्य सरकारें एमएसपी व्यवस्था को फूलप्रूफ बनाना सुनिश्चित कर दे और सरकार द्वारा घोषित एमएसपी से मण्डियों में भाव नीचे जाते ही तत्काल खरीद आरंभ हो जाएं तो निश्चित रुप से अन्नदाता को इस व्यवस्था का पूरा पूरा लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही इस व्यवस्था में जिस तरह से सैंध लगाई गई है उसे रोकने के भी ठोस प्रयास किए जाने आवश्यक है। कहीं ना कहीं एक बार फिर से बाजार व्यवस्था का भी अध्ययन करना होगा। क्यों खरीद बंद होने के कुछ समय बाद ही जिंसों के भाव बढ़ने लगते हैं। हाल ही में गेहूं के भावों में बढ़ोतरी और हर साल एक समय विशेष पर आलू, प्याज, टमाटर के भाव का बढ़ जाना कहीं ना कहीं यह बताता है कि कमोबेस बाजार ताकतें अधिक शक्तिशाली है और वे ही डोमिनेट करती है। इसलिए एक और जहां एमएसपी की खरीद व्यवस्था में सुधार व किसानों को ही वास्तविक लाभ मिले इसके प्रयास करने की आवश्यकता है उसी तरह से बाजार की ताकतों पर भी नजर रखना जरुरी हो जाता है ताकि एक और तो काश्तकार को ठगा महसूस करने से बचाया जा सके और आम नागरिक भी ठगा हुआ महसूस ना कर सके। कहीं ना कहीं बाजार पर सरकार के नियंत्रण की आवश्यकता है नाकि बाजारु ताकतों के हाथ में छोड़ने की। ऐसा होने पर ही सही मायने में एमएसपी व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा।

## वर्ग पहेली 5528

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | |
| | ■ | 6 | | | | | ■ |
| 7 | 8 | ■ | 9 | | ■ | 10 | 11 |
| 12 | | | ■ | ■ | 13 | ■ | |
| 14 | | ■ | ■ | 15 | | 16 | |
| ■ | 17 | 18 | 19 | ■ | 20 | | |
| 21 | ■ | 22 | | | ■ | ■ | |
| 23 | | | | ■ | ■ | 24 | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारत रत्न से सम्मानित फिल्म जगत का प्रथम व्यक्ति (5)
5. कला आदि सिखाने वाला व्यक्ति, उस्ताद, दीर्घ मात्रा (2)
6. प्रतिष्ठा नष्ट करना, इज्जत बिगाड़ना, सामाजिक छवि धूमिल करना (5)
7. चौड़े मुंह का गोल पेंदे वाला मिट्टी, पत्थर आदि का बना पात्र (2)
9. अनुरक्त, समाया हुआ, तन्मय (2)
10. जबड़ा, चिबुक, ठुड्डी (2)
12. कहा जाता है कि तेरहवीं शताब्दी में अमीर खुसरो ने इस वाद्य का निर्माण किया (3)
14. दंत, दांत (2)
15. टेक्स या कर देने वाला (4)
17. सीमांतर स्थान या प्रदेश, दूरी पर (3)
20. यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा नगर है इसके उपनगरों को मिलाकर यह विश्व का दूसरा सबसे बड़ा शहर है (3)
22. प्रलापी, बहिरभमुखी, बातूनी (3)
23. जो रिश्ते में नाना का पिता हो (4)
24. शास्त्रीय संगीत में ऋषभ स्वर (1)

**ऊपर से नीचे**

1. समान अंतर पर होने वाला (5)
2. जीवित रहना, शरीर में प्राण रहना (2)
3. बिना चर्खे के सूत कातने और लपेटने का एक छोटा उपकरण (3)
4. ऐसी भूमि जहां नदी की बाढ़ का पानी न पहुंच सके (3)
5. अपराध, कसूर, जुर्म (3)
8. धाक, रोब, आतंक (4)
11. बुराई ढूंढना, दोष निकालना (5)
13. धारणकर्ता, वेशधारी, धारण करने वाला (3)
16. राजा या सम्राट को यह भी कहा जाता है (2)
18. कैरिबियाई सागर का मोती कहलाने वाले देश क्यूबा की यह राजधानी है (3)
19. आरंजित करना, रंग करना, रंगना (3)
21. मिथ्या संवाद, झूठी खबर (2)

### वर्ग पहेली 5527 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | ला | हा | बा | द | बै | क | ■ |
| न | मा | ज | ■ | ख | ■ | म | ना |
| क | ■ | मा | कू | ल | ■ | ज | न |
| म | धु | ■ | ट | ■ | सि | र्फ | ■ |
| ■ | न | ■ | प्र | हा | र | ■ | को |
| अ | ■ | ■ | बं | ■ | उ | दा | स |
| सु | ध | बु | ध | ■ | ठा | न | ना |
| र | ■ | ध | ■ | चु | ना | व | ■ |

# क्रोध की आग विनाशकारी

(सुभाष चंद्र शर्मा)

क्रोध को अग्नि के समान क्यों कहा गया है, क्योंकि इसमें इंसान खुद तो धधकता ही है, उसका क्रोध आस-पास के लोगों में भी क्रोध की चिनगारी सुलगा देता है। यह सबसे पहले मनुष्य के विवेक को भस्म करता है।

एक बार गौतम बुद्ध अपने शिष्यों के साथ भ्रमण कर रहे थे। चलते-चलते वह एक गांव के बगीचे में



पहुंचे। बुद्ध के आने की खबर आसपास के गांवों में भी पहुंच गई। उनके दर्शन और उनकी अमृतवाणी सुनने के लिए लोग बगीचे में उमड़ आए। बुद्ध अपने शिष्यों के साथ मौन बैठे थे। जब काफी देर हो गई, तो शिष्यों को लगा कि तथागत कहीं अस्वस्थ तो नहीं हैं। आखिर एक शिष्य ने उनसे पूछ ही लिया, 'तथागत! आज आप शांत क्यों हैं आपको सुनने की प्रतीक्षा में हजारों लोग बैठे हैं। क्या हमसे कोई गलती हो गई है' बुद्ध ने कोई उत्तर नहीं दिया। वह मौन रहे। सच यह था कि हर पल आनंद में स्थित बुद्ध न तो नाराज थे और न ही अस्वस्थ। वह तो सभा में आए हजारों लोगों के चित्त के चित्र को अपने ध्यानस्थ नेत्रों से देख रहे थे कि प्रत्येक दर्शनार्थी के मन में क्या चल रहा है उसके चित्त की दशा क्या है बुद्ध अपने तरीके से लोगों की मानसिक उलझनों को दूर करने तथा उनकी समस्याओं का व्यावहारिक समाधान सुझाने के प्रयास करते थे।

इसी बीच पीछे खड़ा एक व्यक्ति जोर से चिल्लाया, मुझे सभा में बैठने की अनुमति क्यों नहीं दी गई है एक शिष्य बोल उठा कि उस व्यक्ति को सभा में आने की अनुमति प्रदान की जाए। बुद्ध मौन से बाहर आए और बोले- नहीं! उसे सभा में आने की आज्ञा नहीं दी जा सकती। यह सुनकर शिष्यों के साथ वहां बैठे लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ। करुणा और प्रेम की प्रतिमूर्ति महात्मा बुद्ध द्वारा किसी को अनुमति न दिया जाना सबके लिए आश्चर्यजनक था। बुद्ध की निगाह में तो मानव मानव में कोई भेद न था।

बुद्ध ने कहा- 'इस व्यक्ति के भीतर क्रोध की ज्वाला धधक रही है। क्रोध हिंसा का प्रकट रूप है। जिस व्यक्ति में क्रोधाग्नि जल रही है, वह अहिंसक हो ही नहीं सकता। इसलिए ऐसे व्यक्ति को सभा, समूह और समाज से दूर ही रहना चाहिए।' उस व्यक्ति को अपनी गलती का एहसास हो चुका था। वह दौड़ते हुए आया और बुद्ध के चरणों में गिरकर बिलखने लगा। बुद्ध उसके सिर पर प्रेम से हाथ फेरते हुए बोले- वत्स! क्रोध उस दहकते हुए कोयले के समान है, जिसे व्यक्ति दूसरों को जलाने के लिए अपने मन में रखे रहता है और उससे हर पल वह स्वयं ही जलता है, इसलिए इससे बाहर निकलो। अपने अंदर प्रेम, करुणा और सहिष्णुता के जल को भरकर इसे सदा-सदा के लिए बुझा सकते हो। इसके बुझते ही तुमको शांति मिलेगी और तुम्हें अपने अंदर से सुख की प्राप्ति होने लगेगी।

# आज का राशिफल

### मेष

करियर में लाभ और सफलता के प्रबल योग बन रहे हैं। आपकी तरक्की होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन खुश रहेगा। आपको ऑफिस में सम्मान की प्राप्ति होगी और कारोबार में आपकी तरक्की होने से मन काफी प्रसन्न रहेगा। भौतिक विकास के अच्छे योग हैं और भाग्य आपका साथ देगा।

### वृषभ

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी तरक्की होने से मन प्रसन्न होगा। कहीं किसी देवस्थान की यात्रा पर जाने के योग हैं और परिवार के लोगों के साथ वक्त अच्छा कटेगा। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद आपके पराक्रम में वृद्धि होगी।

### मिथुन

आज दिन रचनात्मकता से भरा होगा और आपको हर कार्य में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपके सुख में वृद्धि होगी और कारोबार में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आज आपका दिन शानदार बीतेगा और आपको जो काम सबसे ज्यादा प्रिय है।

### कर्क

आज दिन सृजनात्मक है और जो भी काम आप लगन के साथ करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। आपके अधूरे काम निपट जाएंगे और आपको महत्वपूर्ण चर्चाओं में शामिल होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### सिंह

आज दिन काफी व्यस्त रखने वाला है और आपको धर्म आध्यात्म के मामले में कुछ वक्त पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना चाहिए। कारोबार में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं और उसमें आपको परेशानी और समस्या हो सकती है।

### कन्या

आज कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। आपके घर में किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ काम करें। र

### तुला

आज दिन लाभ से भरा होगा और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। आपके कुछ नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है।

### वृश्चिक

आज दिन आर्थिक लाभ से भरा होगा और आपको सफलता प्राप्त होगी। आज का दिन काफी मजबूत है और काम धंधे में तेजी बनी रहेगी। आपको दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे और योजनाएं सफल होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### धनु

आज दिन सावधानी और सतर्कता का है। आपको बिजनस में थोड़ा सा जोखिम उठाने से सफलता प्राप्त होगी और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आप रोजमर्रा के काम से अलग कुछ नए काम करने के बारे में सोच सकते हैं और आपको लाभ होगा।

### मकर

आज का दिन सामान्य है और पार्टनरशिप में जो भी काम करेंगे उसमें आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके लिए रोजमर्रा के घरेलू काम को निबटाने का सुनहरा मौका है। हो सकता है आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें।

### कुंभ

आज करियर के मामले में सफलता मिलेगी और कारोबार में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद बीतेगा और हर कार्य में आपको सफलता प्राप्त होगी। हर काम सोच समझ कर करें। वरना आपके लिए समस्याएं बढ़ सकती हैं।

### मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। आप अपनी बुद्धि के प्रयोग से हर कार्य में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। आपको अभी तक आप कमी रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### रिटायर कर्मचारियों को रेलवे की सौगात, फिर मिलेगी नौकरी; निकली 25 हजार भर्तियां



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेलवे से रिटायर हुए कर्मचारियों के लिए एक जरूरी खबर सामने आई है। रेलवे बोर्ड ने स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए 25,000 पदों पर भर्ती अभियान शुरू किया है। इस भर्ती अभियान में रिटायर रेलवे कर्मचारियों को अस्थायी रूप से दोबारा नियुक्त करने का नया फॉर्मूला शामिल किया गया है। यह भर्ती विभिन्न जोनों में की जा रही है। रिपोर्ट्स की मानें तो रेलवे जिन नौकरियों के लिए अस्थाई भर्ती करेगा उनमें पर्यवेक्षकों से लेकर ट्रैकमैन तक के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, रेलवे ने इस योजना के तहत 65 वर्ष से कम आयु के सेवानिवृत्त कर्मचारी दोबारा नियुक्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। इन कर्मचारियों की नियुक्ति दो साल के लिए की जाएगी, जिसे बाद में विस्तार दिया जा सकता है। सभी जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों को इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए अधिकृत किया गया है, जिसमें उनकी मेडिकल फिटनेस और पिछले पांच वर्षों के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी। आवेदन करने वाले कर्मचारियों को रिटारमेंट से पहले के पांच वर्षों में गोपनीय रिपोर्ट में अच्छी रेटिंग मिलनी चाहिए और उनके खिलाफ कोई सतर्कता या विभागीय कार्रवाई लंबित नहीं होनी चाहिए। दोबारा नियुक्ति के बाद, इन कर्मचारियों को अंतिम बार प्राप्त वेतन से उनकी मूल पेंशन घटाकर मासिक भुगतान किया जाएगा। उन्हें यात्रा भत्ता भी मिलेगा लेकिन अन्य लाभ या वेतन वृद्धि नहीं दी जाएगी।

### महाराष्ट्र में एक गांव की महिलाओं ने रोका सीएम शिंदे का काफिला

**सतारा, एजेंसी।** चुनावी राज्य महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शनिवार को अपने पैतृक ग्राम सतारा जिले के डेरे गांव के लिए निकले। जहां पर कुछ ग्रामीण महिलाओं ने उनका काफिला रोक लिया। काफिला रुकने पर सीएम एकनाथ शिंदे ने महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने इसकी तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट की है। शिंदे ने पोस्ट में लिखा, मेरी मिट्टी, मेरे लोग...मैं राजनीति की हलचल से दूर कुछ आराम करने के लिए अपने पैतृक गांव सतारा जिले के डेरे गांव गया था। गांव से निकलते वक्त कुछ महिलाओं ने मेरे कारवां को रोक लिया। उन्होंने लिखा, मेरे ही गांव में रहने वाली ये महिलाएं मेरी मां की बहुत घनिष्ठ थीं, लेकिन उन लोगों को एक पल के लिए संदेह हुआ कि मैं उन्हें पहचान पाऊंगा या नहीं, लेकिन मैंने उनसे संवाद करते हुए कहा कि मैं सभी को मैं जानता हूं। एक पल भी सोचे बिना, ये मेरे पास आई और मुझसे पूछा। मैंने भी उनकी उम्र का सम्मान करते हुए उनके पैरों पर गिरकर आशीर्वाद लिया और पूछा कि उन्हें मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना का पैसा मिला है या नहीं। इस पर सभी ने हां में सिर हिलाया और हाथों में खाने की प्लेट लेकर प्यार से मेरी ओर इशारा किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर आगे लिखा कि उनके कांपते गर्म हाथों ने मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया और आग्रह किया कि प्रदेश में एक बार फिर हमारी सरकार बने। बता दें कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। 288 विधानसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान होना है। वहीं इसके नतीजे 23 नवंबर को सामने आएंगे। सभी राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी तैयारी तेज कर दी हैं।

### महाराष्ट्र में 250 सीटों पर एनसीपी-शिवसेना के साथ चर्चा पूरी, भाजपा 40 प्रतिशत विधायकों का काट सकती है टिकट

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे की व्यवस्था पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार रात नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि कुल 288 सीटों में से केवल 30-35 सीटों पर सहमति बननी बाकी है। उन्होंने कहा कि अंतिम सीट बंटवारे की घोषणा एक या दो दिन में की जा सकती है। शिंदे ने कहा, हमारी अमित शाह के साथ चर्चा सकारात्मक और रचनात्मक रही। मतभेदों को दूर कर लिया गया है और बातचीत बिना किसी मुद्दे के अंतिम चरण में है। केवल 30-35 सीटें हैं जिन पर अंतिम बातचीत लंबित है। अगर जरूरत पड़ी तो उनके साथ फिर से चर्चा होगी और इसे एक या दो दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा। वहीं, भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य के प्रमुख नेताओं के साथ लगभग 160 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम को लेकर भी चर्चा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पार्टी ने सत्ता विरोधी माहौल को कम करने के लिए 30 से 40 फीसदी विधायकों के टिकट काटने का फैसला किया गया है। भाजपा मुख्यालय में बुधवार शाम लगभग तीन घंटे चली बैठक में केंद्रीय नेतृत्व ने भाजपा के हिस्से में आने वाली लगभग 160 सीटों पर नामों चर्चा की थी। सूत्रों के अनुसार पार्टी ने 100 से ज्यादा उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं। कुछ सीटों को रणनीति के हिसाब से रोका गया है। बाकी पर दूसरे दलों के उम्मीदवारों को देखकर फैसला किया जाएगा। शिवसेना (शिंदे गुट) और राकांपा (अजित पवार गुट) को दी जाने वाली सीटों पर भी सहमति बन चुकी है। हालांकि, इसकी घोषणा अभी नहीं की गई है।

# हरियाणा की हार से सहमी कांग्रेस, महाराष्ट्र में फूंक-फूंक रख रही कदम, सहयोगियों में संतुलन की कोशिश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस को हाल ही में संपन्न हरियाणा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद सहयोगियों ने भी तंज कसा और नसीहतें दी। इन तमाम घटनाक्रमों के बाद कांग्रेस 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले सावधानी से कदम उठाती दिख रही है। कांग्रेस शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) से अधिक सीटें मांगते हुए संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है। यह भी सुनिश्चित कर रही है कि उनका महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन बरकरार रहे।

कांग्रेस ने संकेत दिए हैं कि वह हरियाणा में की गई गलतियों को दोहराना नहीं चाहती है। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि पार्टी ऐसे राज्य में कोई जोखिम नहीं लेना चाहती, जहां उसका दलित-मुस्लिम वोट आधार मजबूत है और जहां उसने लोकसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया है। कांग्रेस को महाराष्ट्र में 13 सीटें मिलीं।

महाराष्ट्र में काम करने की जिम्मेदारी दिए गए एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, महाराष्ट्र में हमारी समस्याएं हरियाणा से अलग हो सकती हैं क्योंकि हमारे पास भूपिंदर हुड्डा जैसा कोई बड़ा नेता नहीं है जो वहां अभियान संभाल रहे थे। लेकिन सहयोगी दलों को खुश रखने के साथ-साथ सीट बंटवारे पर दृढ़ रहना भी महत्वपूर्ण है। उनका यह बयान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि शिवसेना (यूबीटी) उन सहयोगी दलों में शामिल थी जिन्होंने कहा था कि कांग्रेस को और अधिक समायोज्य होना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, एक अन्य कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का कार्यालय महाराष्ट्र चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों पर कड़ी नजर रख रहा है। एक वरिष्ठ नेता ने कहा, बैठकों के दौरान इस बात पर चर्चा हुई है कि हम चीजों को हरियाणा की तरह नहीं होने दे सकते। महाराष्ट्र में पार्टी और विशेष रूप से इच्छुक उम्मीदवारों के प्रबंधन में अधिक शामिल होना चाहती है। हरियाणा में बागी उम्मीदवारों ने कांग्रेस को काफी परेशान किया। वे स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े। नतीजों पर इसका असर देखने को मिला। कई सीटों पर पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवारों की हार के लिए भी उन्हें जिम्मेदार ठहराया गया क्योंकि उन्होंने उनके वोट काटे। कांग्रेस महाराष्ट्र में अपनी पांच गारंटी और घोषणापत्र को जल्दी से जल्दी लॉन्च करने के बारे में सोच रही है। पार्टी के शीर्ष नेताओं में यह भावना है कि हरियाणा में उसका घोषणापत्र जितना देर से जारी किया जाना चाहिए था, उससे कहीं ज्यादा देरी से जारी किया गया। इससे पार्टी के लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए कम समय मिला। एक कांग्रेस नेता ने कहा, पार्टी महाराष्ट्र के लोगों के लिए पांच गारंटी पर विचार कर रही है। हम मतदाताओं से कुछ वादे करेंगे जैसे कि घरों को नकद भुगतान, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, मुफ्त 10 किलो अनाज, सस्ती बिजली और बेरोजगारी भत्ता। हम अपने घोषणापत्र में जाति जनगणना का वादा भी करेंगे।

### बच्चों में विदेश जाने की नई बीमारी, देश के भविष्य के लिए अच्छा नहीं: उपराष्ट्रपति धनखड़

**सीकर, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि विदेश जाना देश के बच्चों को जकड़ने वाली नई बीमारी है। उन्होंने कहा कि यह विदेशी मुद्रा का पलायन और प्रतिभा का पलायन है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा के व्यावसायीकरण से इसकी गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जो देश के भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। राजस्थान के सीकर में एक निजी शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित समारोह में बोलते हुए धनखड़ ने कहा, बच्चों में एक और नई बीमारी है - विदेश जाने की। बच्चा उत्साह से विदेश जाना चाहता है, वह एक नया सपना देखता है; लेकिन उसे इस बात का कोई आकलन नहीं होता कि वह किस संस्थान में जा रहा है, किस देश में जा रहा है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा के 'व्यवसायीकरण' पर चिंता जताते हुए शन?वार को कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में निवेश भविष्य, आर्थिक उत्थान, शांति और स्थिरता में निवेश करने जैसा है। उन्होंने कहा, शिक्षा के व्यावसायीकरण ने उसकी गुणवत्ता को प्रभावित किया है। शिक्षा कभी भी आय का स्रोत नहीं था, यह त्याग और दान का एक माध्यम था, जिसका उद्देश्य समाज की मदद करना था लेकिन हम देखते हैं कि इसको फायदे के लिए बेचा जा रहा है। कुछ मामलों में तो यह जबरन वसूली का रूप ले रहा है।

### आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अधिक बच्चे पैदा करने की सलाह दी

**हैदराबाद, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के निवासियों को अधिक बच्चे पैदा करने की सलाह दी है। नायडू ने प्रदेश में उम्रदराज लोगों की बढ़ती आबादी को देखते हुए यह सलाह दी है। उन्होंने शनिवार को कहाकि प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना बना रही है। इसके तहत विधेयक लाने के बारे में भी सोचा जा रहा है, जिसमें अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव दिया जाएगा। सिर्फ इतना ही नहीं, एक ऐसा कानून बनाने पर भी विचार चल रहा है, जिसके तहत सिर्फ वही लोग स्थानीय निकाय चुनाव लड़ पाएंगे, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं।



चंद्रबाबू नायडू ने कहाकि पहले हमने ऐसा कानून बनाया था जिसमें अधिक बच्चे वाले लोग चुनाव नहीं लड़ सकते थे। लेकिन अब हमने उस कानून को खत्म कर दिया है और इसे रिवर्स करने की सोच रहे हैं। अधिक बच्चों वाले परिवारों को सरकार अधिक सुविधाएं देने के बारे में विचार कर रही है। नायडू ने कहाकि वैसे तो हमारे पास 2047 तक डेमोग्राफिक एडवांटेज है। लेकिन दक्षिणी राज्यों खासकर आंध्र प्रदेश में बढ़ती उम्र वालों की आबादी चिंता में डालने वाली बात है। उन्होंने कहाकि जापान, चीन समेत कुछ यूरोपीय देश भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। दक्षिण भारत में यह समस्या इसलिए हो रही है क्योंकि युवा लोग देश के दूसरे हिस्सों में या फिर विदेश चले जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने दक्षिणी राज्यों में गिरती प्रजनन दर पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहाकि यहां फर्टिलिटी रेट 1.6 परसेंट है जो राष्ट्रीय दर 2.1 से काफी कम है। अगर यही हाल रहा तो हमारे यहां 2047 तक बुजुर्गों की आबादी काफी ज्यादा हो जाएगी। उन्होंने कहाकि आंध्र प्रदेश ही नहीं, देश के कई गांवों में अब सिर्फ बुजुर्ग ही बचे हैं। नायडू ने जनसंख्या नियंत्रण पर अपने पहले के प्रयासों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहाकि तब हालात कुछ और थे। तेजी से बढ़ती आबादी के चलते प्राकृतिक संसाधन खतरे में थे। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

### पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या का आरोपी शिवसेना में शामिल, पूर्व मंत्री ने दिलाई पार्टी सदस्यता

**मुंबई, एजेंसी।** पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या के आरोपी श्रीकांत पांगारकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए। गौरी लंकेश की 5 सितंबर 2017 को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु स्थित उनके आवास के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। महाराष्ट्र की एजेंसियों की सहायता से कर्नाटक पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच की थी और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पांगारकर 2001 से 2006 तक जालना नगरपालिका के पार्षद रहे। उन्हें अगस्त 2018 में गिरफ्तार किया गया था। इस साल 4 सितंबर को कर्नाटक हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत दी थी।

अविभाजित शिवसेना की ओर से 2011 में टिकट नहीं दिए जाने पर पांगारकर दक्षिणपंथी हिंदू जनजागृति समिति में शामिल हो गए थे। वह शुक्रवार को राज्य के पूर्व मंत्री अर्जुन खोतकर की उपस्थिति में शिंदे नीत शिवसेना में शामिल हो गए। खोतकर ने संवाददाताओं से कहा, 'पांगारकर पूर्व शिवसैनिक हैं और पार्टी में वापस आ गए हैं। उन्हें जालना विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान का प्रमुख नामित किया गया है।' मालूम हो कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव सभी 288 सीटों पर एक ही फेज में मतदान होना है।

# चीन के दबदबे को खत्म करने की तैयारी, अमेरिका के साथ खनिज साझेदारी समझौते की पेशकश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने अमेरिका के साथ खनिज साझेदारी समझौते की पेशकश की है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहन जैसे उद्योगों को अमेरिकी बाजार में कुछ लाभ मिलेगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी। भारत ने इस महीने की शुरुआत में मंत्री की यूएस यात्रा के दौरान यह मुद्दा उठाया था। साथ ही, दोनों देशों ने अहम खनिज आपूर्ति श्रृंखला में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कोबाल्ट, तांबा, लिथियम, निकल और दुर्लभ पृथ्वी जैसे महत्वपूर्ण खनिज पवन टर्बाइन से लेकर इलेक्ट्रिक कारों तक, स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में बड़ी भूमिका निभाते हैं। खनिज क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे पर लगाम लगाने के मकसद से इसे काफी अहम माना जा रहा है। भारत और अमेरिका के अलावा ऑस्ट्रेलिया व जापान भी महत्वपूर्ण खनिजों के सप्लाई चेन को सुरक्षित करने पर काम कर रहे हैं। इसमें खनिजों के भंडार, उनकी खुदाई और प्रॉसेसिंग से लेकर फाइनल यूज तक की प्रक्रिया शामिल है। फिलहाल ज्यादातर माइन्स और प्रोडक्शन फैसिलिटी पर चीन का कंट्रोल नजर आता है। जापान और अमेरिका के बीच भी पार्टनरशिप एग्रीमेंट हुआ है, जिसके तहत गैर-अमेरिकी कंपनियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**अमेरिकी उद्योग की भारत में निवेश बढ़ाने में गहरी रुचि :** पीयूष गोयल ने कहा, मैंने सुझाव दिया है कि हमारे खनिजों के समझौता ज्ञापन को महत्वपूर्ण खनिजों की भागीदारी समझौते में बदल दिया जाना चाहिए। साथ ही, इसे मुक्त व्यापार समझौते की ओर बढ़ने के लिए प्रारंभिक बिंदु बनाना होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस किसी भी देश के साथ एफटीए को लेकर बहुत उत्साहित नहीं है। पिछले साल अमेरिका और जापान ने महत्वपूर्ण खनिजों के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। गोयल ने यह भी कहा कि उनकी यात्रा के दौरान अमेरिकी उद्योग ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने में गहरी रुचि दिखाई।



**10 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश पर विचार :** केंद्रीय मंत्री ने नाम बताए बिना कहा कि एक कंपनी डेटा सेंटर और एआई के लिए क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में 10 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश पर विचार कर रही है। गोयल की यात्रा के दौरान प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को लेकर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन के साथ 10 वर्षों के सहयोग और समन्वय रहा। इसके चलते व्यापार और निवेश के क्षेत्र में दोनों देशों के संबंध आज ऐसे दौर में प्रवेश कर गये हैं जहां संशय और विवाद की जगह भारत के प्रति नया विश्वास स्थापित हुआ है।

# कौन हैं विजया किशोर रहाटकर? केंद्र सरकार ने बनाया राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नरेंद्र मोदी सरकार ने शनिवार को विजया किशोर रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की नई अध्यक्ष नियुक्त किया है। महिला आयोग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने बताया, एनसीडब्ल्यू को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 3 के तहत, केंद्र सरकार ने श्रीमती विजया किशोर रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह नियुक्ति राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 3 के तहत तीन साल की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, की गई है। रहाटकर का कार्यकाल तुरंत प्रभाव से शुरू हो गया है, और इस घोषणा को जल्द ही भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने एनसीडब्ल्यू के नए सदस्यों की भी घोषणा की है। डॉ. अर्चना मजूमदार को राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य के रूप में तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। रहाटकर एनसीडब्ल्यू की 9वीं अध्यक्ष हैं। विजया किशोर रहाटकर इससे पहले 2016 से 2021 तक महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने सक्षमा (एसिड अटैक सर्वाइवर्स के लिए सहायता), प्रज्वला (स्वयं सहायता समूहों को केंद्र सरकार की योजनाओं से जोड़ना) और सुहिता (महिलाओं के लिए 24 घंटे सातों दिन हेल्पलाइन सेवा) जैसी पहलों का नेतृत्व किया। उन्होंने पॉक्सो, ट्रिपल तलाक विरोधी सेल और मानव तस्करी विरोधी इकाइयों जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कानूनी सुधारों पर भी काम किया। रहाटकर को डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम शुरू करने और महिलाओं के मुद्दों को समर्पित साद नामक एक प्रकाशन शुरू करने का श्रेय भी जाता है। इससे पहले, उन्होंने 2007 से 2010 तक छत्रपति संभाजीनगर की मेयर के रूप में भी काम किया। 2014 में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पहले, वह 2010 से 2014 तक दो कार्यकालों के लिए भाजपा की महिला मोर्चा (महिला विंग) की राष्ट्रीय महासचिव भी रहीं। रहाटकर के पास पुणे विश्वविद्यालय से भौतिकी में स्नातक की डिग्री और इतिहास में मास्टर डिग्री है। उन्होंने कई किताबें लिखी हैं, जिनमें 'विधिलिखित' (महिलाओं के कानूनी मुद्दों पर) और 'औरंगाबादः लीडिंग टू वाइड रोड्स' शामिल हैं।




# आखिरी सांस तक रहूंगा कांग्रेसी; इस्तीफे के 2 दिन बाद कैप्टन अजय सिंह यादव का यू-टर्न

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने 17 अक्टूबर को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। यादव ने पार्टी में अपने साथ हुए खराब व्यवहार का आरोप लगाते हुए यह कदम उठाया। लेकिन अब उन्होंने महज दो दिन बाद अपने फैसले पर यू-टर्न ले लिया है।

कैप्टन अजय यादव ने एक्स पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को टैग करते हुए लिखा, मैं जन्म से कांग्रेसी हूं और आखिरी सांस तक कांग्रेसी ही रहूंगा। उन्होंने कहा कि ओबीसी विभाग में की गई उनकी मेहनत को हाईकमान द्वारा सराहना न मिलने से वह नाराज थे और कुछ कठोर शब्दों ने उन्हें इस्तीफा देने पर मजबूर कर दिया। हालांकि, उन्होंने ठंडे दिमाग से सोचने के बाद पार्टी को मजबूत करने का फैसला किया है। यादव ने यह भी जिक्र किया कि सोनिया गांधी और उनके बेटे चिरंजीव राव के कहने पर उन्होंने अपना फैसला बदला है।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी से हुई मुलाकात के दौरान यादव ने अपनी नाराजगी जाहिर की थी। बताया जाता है कि गुरुग्राम से लोकसभा टिकट न मिलने और हरियाणा विधानसभा चुनाव में उपेक्षा के कारण वह असंतुष्ट थे। मुलाकात के दौरान जब उन्होंने अपनी शिकायतें सामने रखीं, तो राहुल गांधी ने उनके प्रदर्शन पर सवाल उठाए, जिससे यादव और भी आहत हो गए थे। कुछ घंटों बाद उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और सोशल मीडिया पर राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए अपनी नाराजगी जताई।



हालांकि, यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करने का मन बना चुके थे लेकिन उनके बेटे चिरंजीव राव ने समझाया, जिसके बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की। बदा दें चिरंजीव राव आरजेडी प्रमुख लालू यादव के दामाद हैं। 2019 में रेवाड़ी से विधायक बने चिरंजीव इस बार चुनाव हार गए थे। जबकि उनके पिता कैप्टन अजय यादव भी इसी सीट से विधायक और हरियाणा सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

# 10 सालों में मोदी सरकार ने किसानों के साथ किया दुर्व्यवहार - कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक अभय दुबे ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को किसान विरोधी बताते हुए उनकी कड़ी आलोचना की। कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस के मीडिया समन्वयक अभय दुबे ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की स्थाई समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए मोदी सरकार को किसान विरोधी करार दिया और किसानों को तुरंत न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि बीते दस साल में मोदी सरकार ने किसानों के साथ जो दुर्व्यवहार किया है, उससे साफ हो गया है कि नरेंद्र मोदी किसान विरोधी हैं। फसल की न तो पर्याप्त खरीद हो रही है, न उचित दाम मिल रहा है और न ही एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की कानूनी गारंटी मिल रही है।

उन्होंने कहा, सत्ता में आते ही मोदी सरकार ने सबसे पहला निर्णय लिया कि यदि राज्य सरकार धान-गेहूं पर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 150 रुपये का बोनस देगी, तो हम अनाज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदना बंद कर देंगे। दूसरे निर्णय में मोदी सरकार किसानों की भूमि का उचित मुआवजा कानून को रौंदने के लिए अध्यादेश लेकर आई। तीसरे निर्णय में मोदी सरकार ने सर्वोच्च अदालत में एक शपथ पत्र देकर कहा कि यदि किसानों को लागत के ऊपर 50 प्रतिशत जोड़कर न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया तो बाजार खत्म हो जाएगा। अर्थात स्वामीनाथन की सिफारिशों से इनकार कर दिया।



कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी ने 2016 में कहा था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी, लेकिन उनकी आय 27 रुपये प्रति दिन रह गई और हर किसान पर 74 हजार रुपये औसत कर्ज हो गया है। नरेंद्र मोदी ने एक रैली में कहा कि हम विश्व की सबसे अच्छी फसल बीमा योजना लेकर आ रहे हैं, लेकिन वह निजी कंपनियों के लिए मुनाफा योजना बन गई। उन्होंने कहा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की स्थाई समिति की 69वीं रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इसमें कहा गया कि तत्कालीन कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर साल 2017 से नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिख रहे थे कि कृषि यंत्रों पर से जीएसटी हटा दीजिए, लेकिन मोदी सरकार ने इस पर संज्ञान नहीं लिया। अब मोदी सरकार ने रबी सीजन के लिए समर्थन मूल्य की घोषणा की है। पिछले वर्ष की तुलना में यह वृद्धि सिर्फ 2.4 से सात प्रतिशत तक की है। हर बार न पर्याप्त खरीद की जाती है और न उचित दाम दिया जाता है और न समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी का इंतजाम होता है। यानी पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने हर समय किसानों की पीठ पर लाठी और पेट पर लात मारी है। दुबे ने कहा, कांग्रेस की मांग है कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी मिले। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के किसानों के लिए सोयाबीन की फसल पर समर्थन मूल्य कम से कम 6,000 रुपये निर्धारित किया जाए। जिन किसानों ने अपनी फसल इससे कम मूल्य पर बेच दी है, उनके खातों में भी बाकी राशि डाली जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा सिर्फ रस्म अदायगी बनकर न रह जाए।

एमर्जिंग एशिया कप






# भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड में एसीसी मेन्स टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के तहत खेले गए अहम मुकाबले में भारत ए ने पाकिस्तान ए को रोमांचक मुकाबले में 7 रन से हरा दिया। भारत ने पहले खेलते हुए अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरण और तिलक वर्मा की पारियों की बदौलत 183 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तान की टीम ने एक समय 78 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन इसके बाद अराफात मिन्हास ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। ऐसे समय में रासिख सलाम ने 2 विकेट निकालकर मैच भारत की ओर मोड़ दिया। अब्बास अफरीदी ने भी अंत में जोर लगाया लेकिन जीत भारत को ही मिली।

### भारत ए पारी:183-8 (20 ओवर)

अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरण सिंह ने भारत ए को तेजतर्रार शुरूआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 6 ओवर में ही 68 रन बना दिए। अभिषेक ने 22 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 35 रन तो प्रभसिमरण ने 19 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 36 रन बनाए। कप्तान तिलक वर्मा का भी बल्ला चला। उन्होंने 35 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। बाद में नेहल वडेहरा ने 22 गेंदों पर 25 तो रमनदीप सिंह ने 11 गेंदों पर 17 रन बनाकर स्कोर 8 विकेट के नुकसान पर 183 तक पहुंचाया। पाकिस्तन के लिए सुफियान मुकीम ने 28 रन देकर 2 विकेट लीं।

### पाकिस्तान ए पारी:176-7 (20 ओवर)

पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद हारिस ने पहले ही गेंद पर छक्का लगाकर पारी की शुरूआत की। लेकिन वह अंशुल कंबोज की अगली ही गेंद पर बोल्ड हो गए। उमेर युसूफ भी 2 ही रन बना पाए। यासिर खान ने 22 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 33 तो कासिम अकरम ने 21 गेंदों पर 27 रन बनाए। मध्यक्रम में अराफात मिन्हास ने 29 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन बनाए। अब्दुल समद ने 15 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 25 रन बनाए। अब्बास अफरीदी ने 9 गेंदों पर 4 चौके लगाकर 18 रन जरूर बनाए लेकिन उनकी टीम 176 रन ही बना पाई और मैच 7 रन से गंवा लिया।

# 36 साल बाद घर में न्यूजीलैंड से टेस्ट हारा भारत

- **न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट में भारत को 8 विकेट से मात देकर तीन मैचों की सीरीज में बनाई 1-0 से बढ़त**




**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए पहले टेस्ट मैच में टीम इंडिया को 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने इसके साथ ही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था और भारतीय टीम सिर्फ 46 रनों पर ही ऑल आउट हो गई थी। यह भारतीय टीम का भारत में सबसे कम टेस्ट स्कोर था। दूसरी पारी में सरफराज खान, ऋषभ पंत, विराट कोहली द्वारा अच्छी कोशिशों के बावजूद भारतीय टीम पहली पारी के बेहद कम स्कोर से अंत तक उभर नहीं सकी।

भारत ने दूसरी पारी में 462 रन बनाए थे और चौथी पारी में न्यूजीलैंड को जीत के लिए मात्र 107 रनों का स्कोर दिया था। कीवी टीम ने यह स्कोर पांचवें और अंतिम दिन केवल 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। अंतिम दिन न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम को जसप्रीत बुमराह ने बगैर खाता खोले एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया था। इसके बाद दूसरे ओपनर डेवोन कॉन्वे को भी 17 रनों के निजी स्कोर पर इसी तरह से आउट कर दिया गया। इसके बाद विल यंग (48) और रचिन रविंद्र (39) के बीच बनी अटूट अर्धशतकीय भागीदारी ने न्यूजीलैंड की 8 विकेट से जीत सुनिश्चित की। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 8 ओवर में 29 रन देकर 2 विकेट लिए। भारत ने चौथी पारी में अपने पांच गेंदबाजों का इस्तेमाल किया।

इससे पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने पहली पारी के दौरान रचिन रवींद्र के शानदार शतक, कॉन्वे के 91 रन और निचले क्रम पर टिम साउदी द्वारा बनाए गए अहम 65 रनों की बदौलत 402 रनों का स्कोर खड़ा किया था। वहीं भारत की ओर से पहली पारी के फ्लॉप शो के बाद दूसरी पारी में सरफराज खान ने शानदार 150 रनों की पारी खेली थी। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भी 105 गेंदों पर तेज 99 रन बनाए थे। इससे पहले रोहित शर्मा ने 52 और विराट कोहली ने 70 रनों का योगदान दिया था। एक समय भारत का स्कोर 4 विकेट के नुकसान पर 433 रन था। लेकिन निचले मध्यक्रम और निचले क्रम के सस्ते में ढहने के बाद भारतीय पारी सिर्फ 462 रनों पर ढेर हो गई थी।

हॉकीः

# जर्मनी के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए वरूण कुमार की भारतीय टीम में वापसी, श्रीजेश के बिना उतरेगा भारत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फरवरी में बंगलूरू पुलिस ने वरूण पर पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत आरोप लगाये थे जब 22 वर्ष की एक महिला ने आरोप लगाया था कि पिछले पांच साल से वरूण ने कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया है और इसकी शुरूआत तब हुई जब वह नाबालिग थी।

जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिये डिफेंडर वरूण कुमार की भारतीय



हॉकी टीम में वापसी हुई है। एक जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये जाने के कारण वरूण पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में जगह नहीं बना सके थे।

फरवरी में बंगलूरू पुलिस ने वरूण पर पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत आरोप लगाये थे जब 22 वर्ष की एक महिला ने आरोप लगाया था कि पिछले पांच साल से वरूण ने कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया है और इसकी शुरूआत तब हुई जब वह नाबालिग थी।

# डाइवर पलक शर्मा एशियन डाइविंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 21 अक्टूबर को चाइना होंगी रवाना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आगामी 21 अक्टूबर से एशियन डाइविंग चैंपियनशिप का आयोजन चाइना के ग्वांग्झू में होने जा रहा है। इस डाइविंग प्रतियोगिता में एशियाई देशों के डाइवर अपनी सहभागिता करेंगे। भारतीय दल का नेतृत्व इस टूर्नामेंट में डाइवर पलक शर्मा करते हुए नजर आने वाली हैं। पलक शर्मा मूलतः मध्यप्रदेश की क्लीन सिटी इंदौर की रहने वाली हैं।

अपने 8 साल की उम्र से डाइविंग को पैशन बना चुकी पलक शर्मा ने अपने 9 साल के इस सफर में अब तक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 50 पदक जीत चुकी हैं, जिनमें से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 4 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक सहित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 29 स्वर्ण, 8 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। सन 2018 में मात्र 12 साल की उम्र में पलक शर्मा ने राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक जितना शुरू कर दिया था। और उसके बाद से जो ये जितने का सिलसिला शुरू हुआ वो अब तक निर्बाध रूप से निरंतर जारी है। बेहद कम उम्र में ही इस प्रतिस्पर्धा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी पलक शर्मा ने राष्ट्रीय , अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जितने के साथ कई पुरस्कार भी अपने नाम कर चुकी हैं जिनमें से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2021 और मध्य प्रदेश का सर्वोच्च पुरस्कार एकलव्य पुरस्कार 2022 शामिल है। पलक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अति महत्वकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर भी है। इस एशियन डाइविंग चैंपियनशिप में शामिल होने से ठीक 5 दिन पहले ही पलक को एक बेहद कठिन दौर से गुजरना पड़ा है जिसमें उनके दादाजी का देहांत हो गया है। इस कठिन परिस्थिति और आघात के बावजूद मात्र 5 दिन में ही पलक ने इस टूर्नामेंट के लिए सहमति देकर एक मिसाल कायम किया है।

पलक ने कहा कि दादाजी मुझे बेहद प्रिय थे और अब इस टूर्नामेंट में उनके सम्मान के लिए पदक जीतने पर ही हमारा ध्यान केंद्रित रहेगा। कई लोगों ने इस कठिन परिस्थिति में टूर्नामेंट छोड़ने की सलाह दी लेकिन पलक ने कहा कि नहीं जब सचिन तेंदुलकर जैसे महान खिलाडी अपने पिता की मौत पर देश के लिए खेल कर शतक बना सकते हैं तो वो क्यों नहीं खेल सकती ? वो टूर्नामेंट में हिस्सा अवश्य लेंगी। और इसी संकल्प के साथ पलक शर्मा चाइना में आयोजित होने जा रहे इस टूर्नामेंट के लिए अपनी सहमति दे दीं। अब वो इस टूर्नामेंट में भागीदारी करने के लिए 21 अक्टूबर को दिल्ली से टीम के बाकी सदस्यों के साथ चाइना के लिए प्रस्थान करेंगी। यह जानकारी उनके पीआरओ संजय भूषण पटियाला ने दिया।

# भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने जापान के खिलाफ 4-2 से शानदार जीत दर्ज की

**जोहोर बाहरू, एजेंसी।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां सुल्तान ऑफ जोहोर कप में जापान के खिलाफ 4-2 से शानदार जीत के साथ बेहतरीन शुरुआत की। भारत की जीत में आमिर अली (12), गुरजोत सिंह (36), आनंद सौरभ कुशवाह (44) और अंकित पाल (47 ने गोल किए, जबकि जापान के लिए सुबासा तनाका (26 और राकुसेई यामानाका (57) ने गोल किए।

भारत की शुरुआती गेम में जीत का स्वागत दिग्गज पूर्व भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने बड़ी मुस्कान के साथ किया, जो भारतीय जूनियर पुरुष टीम के कोच के रूप में हॉकी में अपनी नई पारी की शुरुआत कर रहे हैं। शुरुआत से ही यह एक रोमांचक मैच था, जिसमें भारतीय जूनियर




हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने आक्रामक हॉकी खेली और मैच के शुरू में ही गोल करने के मौके तलाशते रहे।

मैच के 12वें मिनट में आमिर अली ने बेहतरीन फील्ड गोल करके जापानी रक्षापंक्ति को ध्वस्त कर दिया। जापान ने इस शुरुआती झटके से वापसी की जब 26वें मिनट में सुबासा तनाका ने बराबरी का गोल किया। इस बराबरी के गोल ने भारत के मनोबल को कम नहीं किया और उन्होंने जापान को 2-1 की बढ़त लेने से रोक दिया, जब नियो सातो और युतो हिगुची ने मिलकर गोल पर बेहतरीन शॉट लगाने के लिए मिलकर काम किया, जिसका श्रेय भारतीय गोलकीपर अली खान को जाता है जिन्होंने गोलपोस्ट में शानदार बचाव किया।

हाफ-टाइम ब्रेक के छह मिनट बाद, भारत ने अपनी बढ़त फिर से हासिल कर ली, जब गुरजोत सिंह, जिन्होंने पिछले महीने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, ने बेहतरीन फील्ड गोल किया। इस गोल को बनाने में मोहम्मद कोनैन दाद ने उनकी शानदार मदद की और भारत को अच्छी गति दी।

कुछ ही मिनटों बाद, दिलराज सिंह ने चतुराई से भारत को एक महत्वपूर्ण पीसी अर्जित करने में मदद की, जिसने उन्हें 44वें मिनट में अपनी बढ़त को 3-1 तक मजबूत करने में मदद की। आनंद सौरभ कुशवाह ने अपने विस्फोटक ड्रैग-फ्लिक से जापान के गोलकीपर किशो कुरोडा को छकाकर गोल किया। भारत का गोल-उत्सव अंतिम क्वार्टर में भी जारी रहा, जब अंकित पाल ने 47वें मिनट में टीम का चौथा गोल किया। उन्होंने पीसी से रिबाउंड लेकर गेंद को जापान के गोलकीपर के पार पहुंचाया। इससे भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

हालांकि जापान ने 57वें मिनट में राकुसेई यामानाका के जरिए गोल किया, लेकिन भारत 4-2 से आगे रहा।जब भारतीय हमलावरों ने पांचवें गोल की तलाश में अपनी रणनीति में तेजी दिखाई। लेकिन जापान के गोलकीपर कोकी ओरिगासा ने गोल को रोककर अच्छा प्रदर्शन किया और भारत ने 4-2 से शानदार जीत दर्ज की।

# बजरंगबली को याद करके भाला फेंकता हूं: नीरज चोपड़ा

**लखनऊ, एजेंसी।** मुझे लखनऊ आना अच्छा लगता है। यहां के लोगों का खूब प्यार मिलता है। लखनऊ में ही साल 2012 में जूनियर नेशनल का पहला गोल्ड मेडल जीता था। टोक्यो ओलिंपिक के बाद भी यहां आया था। मैच से पहले मैं बजरंगबली और महादेव को याद करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी से मिलने गया था तो मां के हाथों का बना चूरमा लेकर गया था।



यह कहना है ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा का। वह शनिवार को लखनऊ पहुंचे थे। यहां नीरज चोपड़ा ने भास्कर से बातचीत की। उन्होंने कहा- लखनऊ में पुरानी बिल्डिंग को जिस तरह से सुरक्षित रखा गया है। यह काफी अच्छा था। आज पहली बार लखनऊ में घूमने का मौका मिला है। पालक पत्ता चाट बहुत अच्छा था। हमारे यहां घेवर मीठा होता है। यहां पर नमकीन था, अच्छा लगा। खिचड़ी भी यहां पर खाई है। शर्मा जी की चाय की दुकान पर भी गया था। उनका चाय बनाने का तरीका थोड़ा अलग है।

### नीरज बोले- अभी थोड़ा मोटा हो गया हूं

नीरज चोपड़ा ने कहा- मैं, प्रधानमंत्री के लिए मां के हाथों का बना चूरमा लेकर गया था। मैं जब भी घर जाता हूं, तो हमारे पांच से दस दोस्त यही चूरमा खाते हैं। अभी मोटापा बढ़ रहा है। ट्रेनिंग चल नहीं रही है। डाइट पर अधिक फोकस है। अभी 30-40 मिनट रनिंग और एक्सरसाइज कर लेते हैं। सीजन अभी खत्म हुआ है।

इसलिए एक डेड महीना हल्की ट्रेनिंग है। अब अगले साल वर्ल्ड चैम्पियनशिप है, उसकी ट्रेनिंग करूंगा। अभी सर्जरी भी कराई थी।

डॉक्टर ने भी रिकवरी के लिए बोला है। जब भी आता हूं कोशिश करता हूं, देश के लोगों को और परिवार को टाइम दे सकूं। अधिकांश समय तो ट्रेनिंग के लिए बाहर ही रहना पड़ता है।

### 90 मीटर का मैजिकल थ्रो जल्द फेकेंगे

नीरज ने कहा कि 2018 से मैं कई बार 90 मीटर जैवलिन थ्रो के करीब पहुंच गया हूं। हर कॉम्पिटिशन में उसके पास में पहुंच रहा हूं। अगर आप मुझसे पूछोगे कि 90 मीटर प्लस मारना है या फिर नियमित तौर पर 88-89 मीटर का थ्रो मारना है। तो मैं, 88-89 मीटर के बारे में कहूंगा।

मेरे हिसाब से कंसिस्टेंसी बहुत जरूरी है। 90 मीटर मैजिकल मार्क है। कभी-कभी सेंटीमीटर से रह जाता हूं। जब 100 पर्सेंट इंजरी फ्री होंगे तो यह होगा।

# 11 साल पहले जिसने छोड़ा भारत, उस खिलाड़ी ने सुपर ओवर में नेपाल को जिताया, यूएसए ने गंवाई टी-20 सीरीज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूएसए के दौरे पर गई नेपाल की टीम ने 3 मैचों की टी-20 सीरीज जीत ली है. सीरीज का दूसरा मैच नेपाल ने सुपर ओवर में जीता और 2-0 की अजेय बढ़त ले ली. नेपाल को सुपर ओवर में उस खिलाड़ी ने जिताया, जिसका पूरा बचपन भारत में बीता है. उस खिलाड़ी को क्रिकेट का चस्का भी भारत में लगा था. और, जो 11 साल पहले भारत छोड़कर नेपाल चला गया था. हम बात कर रहे हैं ऑलराउंडर सोमपाल कामी की, जिन्होंने सुपर ओवर में किए अपने कमाल की बदौलत नेपाल को जीत दिलाई है.

सोमपाल कामी मूल रुप से नेपाल के ही रहने वाले हैं. उनका ताल्लुक पश्चिमी नेपाल के गुलमी से है. वो जब छोटे थे तभी




उनके मां-बाप उन्हें लेकर भारत में पंजाब आ गए थे. भारत में रहते हुए सोमपाल ने कई स्कूल और क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट खेले. लेकिन, फिर करियर को नई दिशा देने के मकसद से वो 2013 में 17 साल की उम्र में फिर से नेपाल चले गए. 2014 में सोमपाल ने नेपाल के लिए डेब्यू किया और तब से अब तक टीम के मजबूत स्तंभ बने हैं, जिसका की उदाहरण भी उन्होंने यूएसए के खिलाफ अपने परफॉर्मेन्स से दे दिया.

### नेपाल- यूएसए ने बनाए 170-170 रन

नेपाल और यूएस के बीच दूसरे टी-20 का फैसला सुपर ओवर में हुआ. इससे पहले दोनों टीमों ने 20-20 ओवरों के खेल के बाद 170-170 रन बनाए. पहले बल्लेबाजी करते हुए कुशल भुर्तेल के नाबाद 92 रन की बदौलत नेपाल ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाए थे. उसके बाद यूएसए ने भी 20 ओवर में 8 विकेट पर 170 रन बनाए. यूएसए की ओर से विकेटकीपर एंड्रीज गूज ने सबसे ज्यादा 62 रन की पारी खेली.

# रणजी ट्रॉफी में आग उगल रहा वाशिंगटन सुंदर का बल्ला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का बल्ला रणजी ट्रॉफी 2024 में जमक बोला है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हो रहे तमिलनाडु और दिल्ली के मुकाबले में सुंदर टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे और उन्होंने कमाल कर दिया। उन्होंने इस मौके को दोनों हाथों से कबूल किया और दिल्ली के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी।

**तीसरे नंबर पर आकर ठोका सुंदर ने शतकः** तमिलनाडु ने वाशिंगटन सुंदर को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए भेजा। ऐसे में सुंदर ने 269 गेंदों का सामना किया और 56.51 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 152 रन की गजब पारी खेली। उन्होंने अपनी इनिंग्स में 19 चौके और 1 छक्का भी लगाया। उन्होंने साई सुदर्शन (213) के साथ दूसरे विकेट के लिए 232 रन जोड़ने के बाद भारत ए के बल्लेबाज पॉल (117) के साथ चौथे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। आंद्रे सिद्धार्थ ने भी नाबाद 66 रन बनाए।

दमदार शतक से लूट ली महफिल



सुंदर और प्रदोष रंजन पॉल ने दिल्ली के कमजोर स्पिन आक्रमण का पूरा फायदा उठाते हुए शनिवार को शतक जड़े जिससे तमिलनाडु रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में अपनी पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। तमिलनाडु ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 674 रन पर घोषित की। दिल्ली ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 43 रन बनाए थे।

सलामी बल्लेबाज ध्रुव कौशिक के चोटिल होने के कारण सनत सांगवान के साथ हर्ष त्यागी ने पारी का आगाज किया। दिल्ली की समस्या यहीं तक सीमित नहीं है। उसके ऑलराउंडर प्रांशु विजयरन भी चोटिल हो गए हैं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, सोमवार 21 अक्टूबर 2024 | 8


रीवा एयरपोर्ट के लोकार्पण अवसर पर उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्रीद्वय जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ल, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी उपस्थित रहे।



# प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण

## विन्ध्य को माल ढुलाई के लिए कंटेनर और हवाई जहाज की मिलेगी सुविधा : मुख्यमंत्री

**रीवा।** रीवा के नवनिर्मित एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बनारस से वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि आपने जब मुझे तीसरी बार आशीर्वाद दिया तो मैंने कहा था कि अब तीन गुना रफ्तार से विकास के कार्य होंगे। नई सरकार बनने के 125 दिन के भीतर 15 लाख करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं में काम शुरू हो गया है। इनके माध्यम से किसानों और गरीबों को विकास के अवसर दिए जा रहे हैं। पूरे देश में अधोसंरचना विकास के लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। विकास के लिए निवेश नागरिकों की सुविधा और नौजवानों को रोजगार का अवसर देने के लिए है। फोरलेन हाईवे, रेलवे और एयरपोर्ट का निर्माण केवल ईंट सीमेंट का काम नहीं है यह लाखों लोगों के रोजगार और विकास के साधन हैं। देश में वर्ष 2014 में केवल 70 एयरपोर्ट थे। आज देश में 158 एयरपोर्ट हैं।

रीवा में आयोजित लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने दीवाली के पहले ही विन्ध्यवासियों को दीवाली का बहुत बड़ा तोहफा दिया है। एयरपोर्ट से विन्ध्य के विकास के द्वार खुलेंगे। विन्ध्य में प्राकृतिक संपदा और विकास के हर संसाधन उपलब्ध रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा ध्यान न देने के कारण विन्ध्य का समुचित विकास नहीं हो सका। अब विन्ध्य के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। रीवा में 1993 में रेल की भी सुविधा नहीं थी। आज यहाँ एयरपोर्ट की सुविधा उपलब्ध हो गई है। रीवा से भोपाल तक एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 23 अक्टूबर को रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से पूरे विन्ध्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक विकास के लिए निवेश होगा। उद्योगों की स्थापना से रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। विन्ध्य में कृषि और खनिज पर आधारित उद्योगों का तेजी से विकास होगा। पूरे संभाग में फूड इंडस्ट्री की अच्छी संभावना है। विन्ध्य से माल ढुलाई के लिए शीघ्र ही कंटेनर और मालवाहक हवाई जहाज की सुविधा दी जाएगी। साथ ही विन्ध्य वासियों को 999 रुपए में एक माह तक हवाई यात्रा कराई जाएगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के प्रयासों




तथा उड़ान योजना से गरीब आदमी को भी हवाई यात्रा की सुविधा मिल गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गंभीर रोगियों को उपचार सहायता के लिए एयर एंबुलेंस और हेली सेवा शुरू की गई है। गंभीर रोगी को हवाई मार्ग से निःशुल्क बड़े अस्पताल ले जा रहे हैं। आज करवा चौथ के वृत के दिन रीवा को एयरपोर्ट की सौगात मिली है। इससे करवा चौथ का आनंद दुगना हो गया है। प्रधानमंत्री जी ने दीवाली से पहले ही विन्ध्य वासियों को दीवाली का तोहफा दे दिया है। प्रदेश में 6 हवाई अड्डों के साथ 25 हवाई पट्टियाँ विकसित की गई हैं। प्रदेश के हर जिले में हवाई पट्टी बनाई जाएगी। उज्जैन, शिवपुरी और दतिया के एयरपोर्टों का शीघ्र ही लोकार्पण होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम वनवास के दस से अधिक वर्ष विन्ध्य की पावन धरा पर रहे। भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट के विकास के लिए मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सरकार मिलकर प्रयास कर रही हैं। युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए हर संभाग में कौशल उन्नयन केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें प्रशिक्षण लेकर युवा अपना भविष्य संवारे। कृषि तथा दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। दूध उत्पादक किसानों को भी बोनस दिया जाएगा। प्रदेश में चहुंमुखी विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। 2003 तक प्रदेश में केवल पाँच मेडिकल कालेज थे। अगले दो सालों में प्रदेश में 37 मेडिकल कालेज हो जाएंगे। पूरे देश में सबसे पहले नदी जोड़ो अभियान मध्यप्रदेश में शुरू किया गया है। विन्ध्य क्षेत्र में अगले साल तक किसानों के खेतों तक माँ नर्मदा का पानी पहुंच जाएगा।

समारोह में मुख्यमंत्री ने



कन्यापूजन करके बेटियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने रीवा जिले में पर्यटन संभावनाओं के संबंध में तैयार वीडियो फिल्म का विमोचन किया। लोकार्पण समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि रीवा संभाग सहित विन्ध्य के लिए यह गौरव के क्षण हैं। जब मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में प्रधानमंत्री जी के हाथों विन्ध्य क्षेत्र की उड़ान के लिए रीवा का एयरपोर्ट लोकार्पित हो रहा है। समूचे विन्ध्य वासियों को इसके लिए बधाई और बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हवाई अड्डे के रूप में विन्ध्य को पर्यटन, उद्योग, रोजगार और स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में विकास के लिए बड़ी सौगात मिल रही है। समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में एयरपोर्ट के उद्घाटन का ऐतिहासिक पल विन्ध्य की आने वाली पीढ़ी लम्बे समय तक याद रखेगी।

रीवा में विकास की अपार संभावनाएं हैं। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के कर कमलों से बाणसागर परियोजना का लोकार्पण होने के साथ रीवा की तस्वीर और तकदीर दोनों ही बदल गई। रीवा में सोलर प्लांट, विन्ध्य की विशेष पहचान सफेद बाघ की 46 वर्षों बाद मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी में वापसी सहित अनेक सौगातें पिछले कुछ वर्षों में मिली हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विन्ध्य की प्रगति को नई ऊँचाईयाँ देने के लिए एयरपोर्ट की सौगात दी है। मध्यप्रदेश में 1978 के बाद 46 वर्षों के अंतराल में रीवा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के रूप में रीवा एयरपोर्ट का उद्घाटन हुआ है।

इससे आगामी 5 नवम्बर से रीवा से भोपाल की नियमित विमान सेवा शुरू हो जाएगी।

लोकापर्ण समारोह में नगरीय विकास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद रीवा श्री जनार्दन मिश्र, सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा, विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक रामपुर बघेलान श्री विक्रम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ अजय सिंह, पूर्व मंत्री श्री पुष्पराज सिंह उपस्थित रहे। समारोह में अतिथियों का स्वागत एवं रीवा एयरपोर्ट का विवरण भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रदेश प्रभारी रामजी अवस्थी ने प्रस्तुत किया। समारोह में कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, डीआईजी एसपी पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री का रीवा आगमन पर हुआ आत्मीय स्वागत



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का नवनिर्मित रीवा एयरपोर्ट आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री जी विमान से दोपहर बाद 2.05 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचे। उनके साथ भोपाल से उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, विधायक रामपुर बघेलान श्री विक्रम सिंह तथा प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र सिंह भी रीवा आए। रीवा एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री डॉ यादव का उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद रीवा श्री जनार्दन मिश्र, सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा, विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ अजय सिंह सहित कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह तथा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया।

# रीवा एयरपोर्ट से पहली विमान उड़ान से दस यात्री गए भोपाल

**रीवा।** रीवा एयरपोर्ट से आज से नियमित विमान सेवा प्रारंभ हो गई। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हरी झण्डी दिखाकर विमान को रवाना किया। इस पहली उड़ान में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल सहित दस यात्री भोपाल रवाना हुए। विमान से श्रीमती सुनीता शुक्ला, मधु तिवारी, देवन्द्र द्विवेदी, अनिल गुप्ता, मधुसूदन, राघवेन्द्र सिंह, डीके गौतम तथा रंजीत कुमार ने उड़ान भरी।



इससे पूर्व दोपहर दोपहर एक बजे से रीवा एयरपोर्ट में विमान का आगमन हुआ। रीवा एयरपोर्ट में प्रथम विमान आगमन पर वाटर कैनन द्वारा स्वागत किया गया।

# रीवा में डीएपी की कमी नहीं: उपसंचालक कृषि

**रीवा।** जिले के उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने जिले के किसानों को आगामी फसल की बोनी के लिए एनपीके और एसएसपी (सिंगल सुपर फास्फेट) खाद का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिले में डीएपी खाद की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन डीएपी के विकल्प के रूप में किसान एनपीके मिश्रण और सिंगल सुपर फास्फेट खाद का उपयोग कर सकते हैं। इन खादों के उपयोग से फसल उत्पादन में डीएपी के समान ही प्रभावकारी परिणाम मिलते हैं। उन्होंने आगे बताया कि डीएपी खाद में मुख्य रूप से नाइट्रोजन और फास्फोरस होता है, जबकि एनपीके और एसएसपी के मिश्रण से फसल को नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटैशियम तीनों तत्व संतुलित मात्रा में प्राप्त होते हैं।

# रीवा में धान खरीदी के लिए 62 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीकरण

**रीवा**

मध्य प्रदेश के रीवा जिले में चल रहे धान खरीदी अभियान में किसानों की भारी भागीदारी देखने को मिल रही है। जिले के कृषि विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 62263 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए पंजीकरण कराया है। यह आंकड़ा जिले के किसानों में सरकार की इस योजना के प्रति भरोसे को दर्शाता है। जिले के विभिन्न तहसीलों में किसानों ने बड़ी संख्या में पंजीकरण कराया है। तहसील त्योंथर में सबसे अधिक 16939 किसानों ने पंजीकरण कराया है। इसके अलावा, मनगवां, हुजूर, सिरमौर, जवा, गुढ़, सेमरिया, रायपुर कर्चुलियान और हुजूर नगर तहसीलों में भी किसानों ने पंजीकरण कराया है। पंजीकृत किसानों द्वारा 101927 हेक्टेयर धान का रकबा दर्ज किया गया है। राजस्व अधिकारी इस रकबे का सत्यापन कर रहे हैं। इसके अलावा, बाजरा और ज्वार के लिए भी कुछ किसानों ने पंजीकरण कराया है।

# उद्योगों के विकास की सभी बाधाओं को दूर किया जाएगा : मुख्यमंत्री

## उद्योगपति अपने लिए ही नहीं प्रदेश और देश के लिए उद्योग चला रहे हैं

**रीवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचकर रीवा एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में शिरकत की। एयरपोर्ट परिसर में ही मुख्यमंत्री ने 23 अक्टूबर को आयोजित हो रहे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के संबंध में संभाग के उद्योगपतियों से चर्चा की। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि विन्ध्य में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। इन्हें गति देने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। उद्योगों के विकास की सभी बाधाएं दूर की जाएंगी। सभी उद्योगपति अपनी कठिनाईयों को उद्योग विभाग को अवगत कराएं। हर जिले में निवेश संवर्धन केन्द्र खोल दिया गया है। इसके माध्यम से भी सरकार तक अपनी बात पहुंचाएं। उद्योगपतियों की स्थानीय कठिनाईयों को दूर करने



की जिम्मेदारी कमिश्नर और कलेक्टर की है। निर्यात सुविधाओं के मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य के उद्योगपतियों को उत्पादों के निर्यात के लिए कंटेनर की सुविधा मिलेगी। अब रेल के साथ मालवाहक हवाई जहाजों से भी परिवहन होगा। उद्योगपति केवल अपने लिए उद्योग नहीं चलाते हैं। आपके उद्योग से प्रदेश और देश का विकास होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए हर माह संभागीय मुख्यालयों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। जब कुँआ खुद प्यासे के पास जा रहा है तब उद्योगों को भला कौन सी कठिनाई होगी। उद्योगपतियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धान की मिलिंग के संबंध में जो कठिनाईयाँ हैं उन्हें दूर करने के



लिए शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। मिलिंग नीति में राइस मिलर्स के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उद्योगों के वर्ष 2022-23 के अनुदान की राशि जारी कर दी गई है। अब अनुदान की राशि सीधे उद्योगपति के खाते में जारी की जाएगी। विन्ध्य क्षेत्र के विकास की हर बाधा दूर की जाएगी। मैं रीवा का दामाद हूं। रीवा के विकास में कोई कोर कसर नहीं रखूंगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित रीवा तथा मऊगंज के उद्योगपतियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिंगरौली, सीधी, मैहर तथा सतना के उद्योगपतियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों पर दोहरा कराधान नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 अक्टूबर को रीवा में पूरे विन्ध्य के औद्योगिक विकास के लिए विचार मंथन होगा। इसमें शामिल होने के लिए 50 बड़े उद्योगपतियों के साथ तीन हजार से अधिक उद्योगपतियों ने पंजीयन किया है। इसी दिन औद्योगिक केन्द्र चोरहटा में विद्युत सब स्टेशन के निर्माण तथा रीवा में आईटी पार्क के निर्माण का भूमिपूजन होगा। विन्ध्य में कई बड़े उद्योगों की स्थापना के प्रस्ताव रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मिलेंगे। बैठक में उद्योगपतियों ने औद्योगिक विकास के अनुसार जिलों के श्रेणीकरण, रीवा को विशेष औद्योगिक जोन का दर्जा देने, धान मिलिंग तथा बारदाने की राशि के भुगतान, छोटे शहरों के औद्योगीकरण को प्राथमिकता देने, सिंगरौली में उद्योगों के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता सहित विभिन्न सुझाव दिए। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र सिंह ने रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद रीवा श्री जनार्दन मिश्र, सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवाँ श्री नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ नीता कोल, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, प्रबंध संचालक औद्योगिक विकास निगम चन्द्रमौलि शुक्ला, कमिश्नर रीवा बीएस जामोद, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल उपस्थित रहीं।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833